कई बार आदरणीय स्टीफन साहब ने कहा है कि पी एंड टी ओवरटाइम बहुत बढ़ गया है और उसको रोका जाना चाहिये और उसके लिये उन्होंने कदम भी उठाये हैं। मैं सुझाव देना चाहता हूं। पी एंड टी एम्प्लायिज को उनको जो अन्डर लीव होती है उसको एनकैश करने को आपको इजाजत देनी चाहिये।

यह कई पब्लिक अण्डरटेकिंग में है। एच० एम० टी० में है। क्लास 1 अफ़सरों को छोड़ कर और सभी ऐम्प्लाईज़ अपनी अर्ण्ड-लीव को ऐनकैश कर सकते हैं; क्लास 1 अफ़सर को 2 महीने की अपनी लीव रखनी पड़ेगी। अगर आप अर्न्ड लीव को ऐंनकैश करने की इज़ाजत दे देते हैं तो कोई आदमी छुट्टी पर नहीं जायगा और आपको आवरटाइम भी नहीं देना पड़ेगा। अन्यथा अभी यह होता है कि कर्मचारी बारी बारी से यानी दो, दो कर्मचारी 15, 15 दिन की छुट्टी लेते हैं जिसको वजह से वर्क लोड भी बढ़ता है और उसको निपटाने के लिए आपका ओवर टाइम भी लोगों को देना पड़ता है। अगर आप लीव ऐनकैश करने की इज़ाजत दे देगें तो कोई बिला वजह छुट्टी नहीं लेगा और आपको ओवर टाइम भी नहीं देना पड़ेगा।

मैंने इस डिपार्टमेंट में काम किया है इसलिए मैं जानता हूं, कई ऐमप्लाईज़ ऐसे हैं कि जिस पोस्ट पर नौकरी शुरू की है उसी पर से रिटायर हो जाते हैं, उनको कोई प्रोमोशन नहीं मिलता सर्विस में। मेरी मांग है कि सर्विस कैरियर में हर एक को कम से कम दो प्रोमोशन मिलने चाहियें। यह उसूल मान लिया जाय और दो प्रोमोशन्स की व्यवस्था की जाय। अगर लोगों को प्रोमोशन नहीं मिलेंगे, तो उनका इंसेंटिव मारा जायगा।

पंजाब में एन० डब्ल्यू० सर्किल है जिसमें तीन सूबे हैं—हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश। मेरी मांग है कि तीनों स्टेट्स का सेपरेट सर्किल होना चाहिए। बेहतर होगा किसी नौर्म के तहत किसी सर्किल को सेपरेट किया जाय। जब जे० एण्ड के० सर्किल सेपरेट हुआ तो उसका कोई जस्टीफिकेशन नहीं था। केवल पोलिटिकल ग्राउण्ड्स पर ही उसको अलग किया गया था। मर्जी से सेपरेट नहीं करना चाहिए बल्कि नौर्म के तहत सेपरेट होना चाहिए। अगर नौमर्स जस्टीफ़ाई नहीं करते हैं कि पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सेपरेट हों तो मुझे कोई एतराज नहीं है। लेकिन चूंकि अभी कोई नौर्म्स नहीं हैं इसलिए मैं भी मांग करता हूं कि तीनों स्टेट्स को सेपरेट किया जाय। वरना नौर्म्स तय कर दें और उसके आधार पर फ़िट न बैठें तो मुझे कोई एतराज नहीं होगा।

डिपार्टमेंट में बहुत अच्छे वर्कर्स हैं, नीचे से ले कर टौप तक। और बदकिस्मती से कई बार उनको सर्विस का प्रौपर रिकग्नीशन नहीं होता है। प्रौपर रिकग्नीशन के लिए कुछ कदम उठाये जायें। उनको ऐक्स्ट्रा इन्क्रीमेंट या कमेंडेशन सर्टिफ़िकेट दिया जा सकता है। अगर कोई पोस्टमैन ने बहुत ही आउट स्टैंडिंग काम किया है तो आप उसके नाम से एक स्पेशल पोस्टेज स्टैम्प भी इशू कर सकते हैं। अगर ऐसा किया जाय तो अच्छा रहेगा, चाहे वह कर्मचारी क्लास 1 का हो या क्लास 4 का हो। या कोई और तरीका निकाल लें उसकी सर्विस का रिकग्नाइज़ करने का, मुझे कोई ऐतराज नहीं है।

यह जो बात आती है कि टेलीग्राम, पोस्टल और आर० एम० एस० को अलग कर दो वह इसलिए कि पोस्टल और आर० एम० एस० में घाटा दिखाया जाता है।

यह घाटा पूरा हो सकता है । अभी सेविंग्स बैंक का काम एजेन्सी के तौर पर यह डिपार्टमेंट करता है । मेरा सुझाव है कि पोस्टल सेविंग्स बैंक आफ इंडिया के नाम से एक अलग बैंक खोल दिया जाय जो इस डिपार्टमेंट के तहत हो । जैसे स्टेट बैंक आफ़ इंडिया या रिजर्व बैंक आफ इंडिया हैं, उसी तरह इस पोस्टल डिपार्टमेंट के तहत सेविंग्स बैंक हो और वह ऐजेन्सी के तौर पर काम न करे । जिस प्रकार और बैंकों को मुनाफा होता है, उसी तरह सेविंग्स बैंक को भी मुनाफा होगा, और घाटे वाली बात खत्म हो जाएगी ।

पोस्टल लाइफ़ इंश्यारेंस को सिर्फ गवर्नमेंट ऐमप्लाईज तक महदूद न रखते हुए सेमी-गवर्नमेंट ऐमप्लाईज़ को भी अलाऊ कीजिए । और जो प्राइवेट कारखाने हैं जैसे बिड़ला, टाटा, आदि के उनके जो परमानेण्ट ऐमप्लाईज़ हैं उनको भी अलाऊ कीजिए कि पोस्टल लाइफ इंश्यारेंस का फायदा उठा सकें ।

**15.00 hrs.**

मेरे एक साथी श्री रावत ने यह भी कहा था कि पी एण्ड टी में कुछ झगड़े इसलिए भी हैं कि वहां ट्रेड यूनियन्स बहुत हैं । अब बहुत हैं तो मैं भी एक ट्रेड यूनियन के बारे में कहना चाहता हूं कि भारतीय पी एण्ड टी फ़ैडरेशन के साथ डिस्क्रिमिनेशन हो रहा है । दूसरी जो फ़ैडरेशन हैं, उनके मुकाबले ही बिल्कुल इसके साथ भी एट-पार ट्रीटमेंट होनी चाहिए । मैं तो यह पसन्द करूंगा कि जितनी भी ट्रेड यूनियन्स हैं, उनकी ओर से इस उसूल को पसन्द किया जाये कि एक इंडस्ट्री में एक ट्रेड यूनियन होनी चाहिए । आप तय कर लीजिए कि सभी ट्रेड यूनियनों की बजाय, फ़ैडरेशनों की बजाय एक फ़ैडरेशन वहां पर हो और सीक्रेट बैलट से तय हो जाये कि लोग किस को चाहते हैं, वह ज्यादा अच्छा रहेगा ।

टेलीफ़ोन्स के बारे में कुछ लोगों ने बातें कही हैं । इस सैशन के शुरू होने से पहले ही आदरणीय स्टीफ़न साहब ने 100 करोड़ का बोझ तो वैसे ही बढ़ा लिया और उसके बाद कुछ बजट के साथ बढ़ गया । कानून की क्लाज़ का सहारा लेकर उन्होंने कहा कि मुझे पार्लियामेंट के सामने आने की जरूरत नहीं थी । ऐसा सहारा लिया जा सकता है, लेकिन आदरणीय स्टीफ़न साहब को राज्य-सभा के चेयरमैन साहब ने जो कुछ कहा है, वह ध्यान में रखना चाहिए, आइन्दा इस किस्म की गलती नहीं करनी चाहिए । मैं यह समझता हूं कि यह पार्लियामेंट की अवहेलना है । कोई बड़ी बात नहीं थी, 5 दिन के बाद भी पार्लियामेंट में ले आते कि यह रेट्स मुझे बढ़ाने हैं ।

मैं यह मांग करता हूं कि आपको इन्लैण्ड लैटर और एन्वलप के रेट नहीं बढ़ाने चाहये थे, वही पुराने रेट रखने चाहिये थे । यह तो सोशल सर्विसेज़ की चीज है, इन पर और भी घाटा आप उठा लें तो कोई फ़र्क नहीं पड़ता है ।

जैसे मेरे साथी भट्टाचार्य जी ने पीछे ज़िक्र किया था, टेलीफ़ोन एडवाइज़री कमेटीज़ बनाई गई हैं और बदकिस्मती की बात है कि उनमें पक्ष पात होता है । मैं यह चाहूंगा कि पोलिटिकल डिस्क्रिमिनेशन न हो । हर पार्टी के आदमी हों । जहां आपने ट्रेड की बात रखी है, जर्नलिस्ट रखते हैं, कुछ और सोशल वर्कर के नाम पर रखते हैं, वह सिर्फ़ एक पार्टी के ही आदमी न हों । मुझे जानकारी मिली है कि शायद रीजनल पी० एण्ड टी० एडवाइजरी कमेटी आपने बनाई ही नहीं । उस को भी इण्ट्रीड्यूस कीजिए, उसमें भी सब पोलिटिकल पार्टीज़ के आदमी लीजिए ।

[श्री सूरज भान]

टेलीफ़ोन के बारे में एक्सेस विलिंग, गलत टेलीफ़ोन नम्बर मिलना, मिलना ही नहीं टेलीफ़ोन आउट आफ़ आर्डर होना, बहुत सारी चीजें हैं मैं एक बात कहना चाहता हूं, कई बार दिल्ली में देखा कि 15, 15 दिन तक टेलीफ़ोन लाइन ही खराब है । अगर लाइन ही खराब है तो उस पीरियड का तो कम-से-कम आपको रेंटल चार्ज नहीं लेना चाहिए ।

मैं अपना एक्सपीरिएंस आपको बता रहा हूं। एक दिन रात को टेलीफ़ोन आता है और उस पर आवाज़ आती है कि रजिया साहब हैं ? मैंने कहा कि मेरे घर में कोई रजिया नहीं है । फ़िर थोड़ी देर के बाद टेलीफोन आता है कि रजिया साहब हैं, मैंने कहा कि यह रजिया साहब का नम्बर नहीं है । फिर मि० रजिया के घर पर पूछा गया कि मि० सूरजभान हैं ? मेरा टेलीफोन उसके साथ मिला रखा है और उसका टेलीफोन मेरे साथ मिला रखा है । वह भी परेशान हैं और मैं भी परेशान हूं । यह गलत मिलने का चक्कर इतना ही नहीं कि उससे परेशानी ही हो, ये लाइनें किसी सरमायेदार के घर पर मिली होती हैं और उनका मीटर हमारे घर पर चल रहा होता है इसका कुछ इंतजाम किया जाना चाहिए । मैं तो यह सुझाव देना चाहता हूं कि जिस तरह से बिजली का मीटर कंज्यूमर के घर पर होता है, तो टेलीफ़ोन का मीटर भी उस के घर पर ही हो या सब्सक्राइबर की दुकान पर होना चाहिए । एक बार यह इसू मैं डिस्कशन में लाया और टेलीफोन डिपार्टमेंट के एक सीनियर अफसर से मिला और उनसे यह बात कही तो उन्होने कहा कि यह पासिबल नहीं है । दूसरे एक कंसर्न्ड अफसर वहां थे, उन्होंने कहा कि यह पासिबल तो है, लेकिन थोड़ा खर्चा लगेगा। अगर आप कहें कि सबसक्राइबर के घर पर मीटर होगा तो उसमें गड़बड़ी करेगा तो टेलीफोन एक्चेंज में भी तो गड़बड़ी हो सकती है । दोनों का मुकाबला किया जा सकता है । इसलिये मैं मांग करना चाहता हूं कि उसकी अप्रीहैंशन दूर हो ।

सैंसीरंग की बात मैं कहना चाहता हूं । मुझे भी एक दिन पता लगा कि मैं भी उस लिस्ट में आ गया हूं । एक लिफाफा मैंने खोला उसमें लिखा था सरदार जी सत श्री अकाल । मैं सरदार जी नहीं हूं । मैंने पूरी चिट्ठी पढ़ी वह मेरे मुताल्लिक नहीं थी । साफ नजर आता है कि कोई सरदार जी भी सैंसर की लिस्ट में होंगे और मैं भी होऊंगा । चिट्ठी खोलने के बाद सरदार जी की चिट्ठी मेरे लिफाफे में और मेरी सरदार की लिफाफे में । मेरा कहना यह है कि कम से कम उन अफसरों को इतना तो कह दीजिये कि वह इतना बेवकूफाना काम तो न करें, सैंसर के बाद चिट्ठी तो प्रापर लिफाफे में डाल दें । अव्वल तो सेन्सरिंग नहीं होना चाहिये । यह ब्रिटिश पीरियड में चला था, क्योंकि अंग्रेज हमारी आजादी की मूवमेंट को खत्म करना चाहते थे ।लेकिन आज इसकी जरूरत नहीं है । यह गलत है । अगर वार हो, तो सेन्सरिंग की बात समझ में आ सकती है । हम एक फ़्री कंट्री में रह रहे हैं । आज के पीसफुल माहौल में सेन्सरिंग की बिल्कुल जरूरत नहीं है ।

माननीय सदस्य, श्री रामलाल राही, ने मुझे बताया कि पिछले नवम्बर में उन के पास एक बिल आया, जिससे पता लगा कि दिल्ली से लखनऊ तीन मिनट की काल हुई और 105 रुपये का बिल आ गया । मैं समझता हूं कि तीन मिनट के किसी मोस्ट अरजेंट काल के लिये भी 105 रुपये बिल नहीं हो सकता । समझ में नहीं आता है कि इस तरह की गलतियां कैसे हो जाती हैं ।

पी एंड टी के एम्प्लाईज़ को कुछ कनसेशन देना चाहिये । रेलवे एम्प्लाईज़ और इंडियन एयरलाइंस के एम्प्पलाईज को पासिज मिलते हैं । बैंक अपने एम्प्पलाईज को कनसेशन रेट पर कर्जा देते हैं । अगर पी एंड टी का कोई एम्पलाई टेलीफोन मांगता है, तो उसे वह देना चाहिये । उन्हें रियायत पर लिफाफे और पोस्ट कार्ड देने चाहिये जो कुछ सरकार के हाथ में है, उस में से कुछ तो उन्हें देना चाहिये ।

**आचार्य भगवान देव** (अजमेर) : क्या आपने अपने काल में दिया था। यह बात उस वक्त नहीं सूझी ? यह अक्ल बाद में क्यों आती है ?

**श्री सूरज भान** : क्या आप हमारे रास्ते पर चलना चाहते हैं । तो आपका भी वही हश्र होगा जो हमारा हुआ है ।

इस डिपार्टमेंट में काफी शिड्यूल्ड कास्टस और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज एम्प्लाईज काम करते हैं । उन्हें इंसाफ नहीं मिल रहा है । मेरे पास बहुत से टिपिकल केसिज हैं । मैं इस वक्त उनका जिक्र नहीं करना चाहता, क्योंकि श्री स्टीफन ने मुझे उन्हें डिसकस करने का टाइम दिया है । मैं उनसे डिसकस करूंगा । मेरा मकसद कोई पायंटस स्कोर करने और अखबार में नाम छपवाना नहीं है । मैं उम्मीद करता हूं कि मिनिस्टर साहब उन लोगों को इंसाफ देंगे ।

इस बारे में लाइजां आफिसर एपायंट किया गया है और सेल बना दिया गया है, लेकिन फिर भी उन लोगों को इंसाफ नहीं मिल रहा है । उस सैल को एक्टिव बनाया जाय, ताकि शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के एम्पालाईज को साफ मिल सके । उन लोगों की यूनियन भी है । उसकी रेकगनीशन के बारे में गवर्नमेंट से जवाब दिया जाता है कि हम उसे रेकगनाइज नहीं कर सकते, क्योंकि कास्ट बेसिस पर किसी यूनियन को रेकग-नाइज नहीं किया जा सकता । सुप्रीम कोर्ट का फैसला हो चुका है कि **शिड्यूल्ड कास्ट इज नाट ए कास्ट, इट इज ए कम्बीनेशन आफ कास्ट्स** । इसलिये यह दलील बिल्कुल अधूरी और गलत है । शिड्यूल्ड कास्ट्स की ट्रेड यूनियन को इंसाफ और रेकगनीशन मिलनी चाहिये । दूसरी यूनियनन्ज का एटीच्यूड यह है की वे इस कैटगरी के केसिज को टेक अप नहीं करते हैं, बल्कि उसके खिलाफ रीकमेंडेशन करते हैं । जब तक आप उसे फार्मल रेकगनीशन नहीं दे सकते, तब तक आप उसे प्रापर हीयरिंग तो दीजिये, उनकी चिट्ठियों का जवाब दीजिये । रेलवे डिपार्टमेंट ने यह किया है । अगर रेलवे डिपार्टमेंट कर सकता है, तो कम्यु-निकेशंज डिपार्टमेंट क्यों नहीं कर सकता ?

मैं उम्मीद करूंगा कि मंत्री महोदय मेरे पायंटस पर गौर करेंगे । आखिर में मैं कहना चाहता हूं कि जब पे कमीशन बैठता है, तो उसमें पी एंड टी एम्पलाईज के साथ इंसाफ नहीं हो पाता । उनकी बहुत सी कैटेगरीज हैं । इसलिये अगर उनके लिये सैपरेट वेज बोर्ड या पे कमीशन होगा, तो उनके साथ इंसाफ हो सकेगा ।

SHRI CHINGWANG KONYAK (Nagaland): While I rise to support the Demands for Grants of the Minister of Communications, I would like to put forth some of the problems faced by the people of my Constituency, that is Nagaland.

We all know that my State borders Burma, which is a hilly area. Road communication is very bad. It takes about 3 or 4 days from one Headquarter of reach the State Headquarter. When there are natural calamities, the people of this State should have

[Shri Chingwang Konyak]

the convenience of telephone, trunk-call, telegram and tele-communication facilities.

But out of 7 districts, we have trunk call facilities in only 4 districts.

In Mon, Phek and Zunhezoto, we have only local exchanges.

So, I would request the Hon. Minister, taking into consideration, the importance of the areas, to keep trunk services to all the district headquarters.

Secondly, we have local telephone exchanges in some of the district headquarters, but they are there only in name; most of the time these telephone exchanges are inoperative. So, I would request the hon. Minister to look into this.

Thirdly, we have the STD facility to Kohima and Dimapur, but most of the time it is very difficult to contact Kohima or Dimapur because it is not working most of the time.

Coming to the mocrowave system, it was introduced to streamline the communication system, but unfortunately either due to the wrong selection of site of the microwave station and its relaying towers or due to mishandling of the machinery, people are not getting any improved communication facility. Most of the time the V.F. tone of the microwave station remains out of order which virtually cuts off Nagaland from outside world. The microwave station at Kohima does not get the proper supervision as, I understand, the controlling office is located not in Nagaland but in Jorhat, Assam.

Not only the telephone system is defective in Kohima but even sometimes trunk call conversations are heard over the radio. Similarly, during the transmission hour of the All India Radio Station, Kohima, all the programme is heard over the telephone: so, during the transmission time, it is very difficult for a subscriber to talk over phone with others. I would request the hon. Minister to look into this also.

In Nagaland the P & T Department is not having its own buildings for office as well as for the staff, and private buildings are not available for taking on hire. The department staff are suffering due to shortage of accommodation, I would request the hon. Minister to look into this, so that the departmental staff do not suffer any longer.

Another point is about recruitment. In the P & T office in Nagaland, you will find hardly any local recruits. All are recruited in Delhi or Calcutta or Gauhati and sent to Nagaland. The local people are hardly recruited. I would suggest that preference should be given, in recruitment, to local candidates.

Another point I would like to bring to the notice of the hon. Minister is about the house-rent allowance to staff. In pursuance of the sanction granted from time to time by the Government, the P & T employees in Nagaland were paid house-rent allowance at 15 per cent of their pay, but the Ministry of Finance has reduced it from 15 per cent to seven and a half per cent. When the rent of houses has increased, the reduction in the rate of house rent allowance is being considered as an unrealistic and unsympathetic action. Therefore, I would request the hon. Minister to upgrade the house rent allowance to 15 per cent and extend it to all the employees.

Another point is that the P & T employees in Nagaland enjoyed a compensatory house rent allowance as a condition of service in the State of Nagaland at the rate of 10 per cent from February, 1974 but it was discontinued from 1979 in view of the fact that the payment was erroneous and the Finance Minister ordered recovery of the entire money from the employees. After so many years now

[Shri Chingwang Konyak]

it is very difficult on the part of these low-paid employee to refund the amount. I understand in this regard the General Manager of Telecommunications of the North-Eastern Circle has recommended a token recovery of 10 per cent of the money if the entire money cannot be waived on administrative grounds. I would, therefore, request the hon. Minister to look into this matter.

With these words I support the Demands of the Communications Ministry.

SHRI ANANTHA RAMULU MAILU (Nagarkurnool): I rise to support the Demands for Grants of the P & T. It has become a fashion for everybody to criticise the Telecommunications Department in particular. As far as I am concerned, I would like to convey my thanks to the Minister for Communications and his staff who are responsible in opening more than 1450 exchanges particularly in rural areas of Andhra Pradesh. I also would like to congratulate and convey my thanks to the staff from the lineman to the Director-General who are engaged in this Department and are trying their levelbest to improve the Posts and Telecommunication system. No doubt there are defects. I do not say that there are no defects at all. The very purpose of appointing the Sarin Committee is to find out the defects and at the same time to suggest various measures.

Coming to the recommendations of the Sarin Committee I would like to associate myself and request the Minister to consider the bifurcation of the Postal and Telecommunications Department in the best interests of the Department. There is no proper coordination in the P & T. At the same time, Mr. Utham Rathod has suggested various measures to improve the P & T Department. As far as telecommunications are concerned, telecommunications Department depends much on the technology whereas the Postal Department depends largely on manpower. So it would be better to bifurcate the Department as early as possible. I remember some decision was taken when Mr. Brahmananda Reddy was Minister of Communications to bifurcate the Department but it was bifurcated only at the level of the Department but at the Board level it is one and the same. So I suggest to the Minister to kindly keep this in view and try to take an early decision. to bifurcate the Department as early as possible to protect the interests of both the employees and at the same time the public also.

Coming to the technology, I am happy to note that the Tele-communication Department is advanced quite a lot in its electronics technology. But, I suggest that we should not merely depend on the official machinery alone. We must try to put in highly skilled persons in the department so as to improve the conditions on the telecommunication side.

As far as buildings are concerned, I would like to make a point here. Nearly 80 per cent of the Telegraphs and Telecommunication Department are located in private buildings which are neither fair to the departments nor to the workers, the staff and the officials working there. I request the Hon. Minister to consider this aspect of the matter and try to arrive at a decision very soon. I also suggest that the present exchanges should be replaced in a phased manner by the auto-exchanges and these should be equipped with the coaxial system. Also it should be connected with the State and district headquarters as this will avoid delay and enable them to have a proper maintenance of equipments. In connecting these with the taluk and district headquarters, you should not consider whether it is profitable or not but you must take the state or the district as a unit. In that direction, you must take a decision.

Many a time, the former Members of Andhra Pradesh made a representation to the Minister for Communications, Shri Stephen who was pleased to assure us that an electronic switching factory would be set up in Medak District of Andhra Pradesh. You

[Shri Anantha Ramulu Mailu]

know, Sir, this constituency is represented by our Prime Minister, Shrimati Indiraji. It does not have the facilities. If a factory is set up there, it will help in the employment of people belonging to the backward classes. But, at the same time, I request that an early decision may be taken to set up a factory which is very badly needed there. At present, we have the Indian Telephone Industries in Bangalore. It has now become a capital city. I therefore, suggest that the Minister should do something in having a factory in this district of Andhra Pradesh. If he so desires, he may also take the decision of leaving that to be done by a private management. Quite a number of electronics corporations have come into existence now. This can be entrusted to the corporation to take up this job. I hope the Minister will take an early decision in this regard. I hope the Minister will tell this in his reply.

Coming to the import of stores, equipments, both the Director-General and also the General Manager of the Telecommunications are sympathetic to the problems of stores. But, they are not in a position to have stores for the purpose. An early decision will have to be taken in that direction also.

Now I come to the complaints. Many Members have already spoken about it. They said about wrong billing. I suggest that the ministry may consider a proposal to have a separate meter as is the case in regard to electricity and water. He may kindly examine if these suggestions are feasible or possible and he may try to take a decision on this also as this will avoid criticisms from the members of both sides of the House as also the criticisms from the subscribers.

Coming to the P.C.Os, I am very happy that quite a number of P.C.Os have been opened in the country particularly in the rural areas. Some Members of course, said that the P.C.Os are not being opened in remote places. I suggest here that profit alone should not be the criterion for opening the P.C.Os in tribal areas, remote areas or in scheduled castes areas. You must try to consider as to whose benefit these are to be opened.

Sir, I had the experience of writing a letter to the General Manager who had no doubt said that this was a very good suggestion. But, he said that, at the same time, this did not come within the norms. Sir, generally we do not write unless we feel it is a very deserving case and then only we write to the concerned Department. I would request while examining such proposals Government officials be authorised to accord permission of PCOs. I would like to mention that in agency areas and tribal areas the PCOs should be opened in the larger interest of the public.

Coming to post offices the post Master Generals are not coming upto expectations. I do not want to make any criticism but I have received a number of letters where they have refused opening of PCOs in the agency and tribal areas. The very purpose of opening a post office is defeated if these things are not given due consideration. I would like to suggest that the Department should have a lenient outlook in opening post offices and PCOs in agency areas, tribal areas and scheduled caste areas.

Sir, as far as problems of Andhra Pradesh are concerned I was told that some two hundred proposals have been sent to the Department for clearance for auto exchanges. The hon. Minister should show sympathy to Andhra Pradesh. I do not like to mention more because the hon. Minister has personally visited. Coming to my constituency I would like to convey my thanks to Mr. Ghosh who visited my constituency and also Mehboobnagar where he inaugurated the STD service. Sir, I have got a small problem in my

constituency, that is, Jedcharla village which happens to be the biggest marketing centre in Telangana region. Villagers have submitted several representations to consider to convert it into an auto exchange. I have also made representations to the Director General and the hon. Minister. Though I was assured yet nothing has come out. I shall be glad if the hon. Minister considers this aspect. This may be considered to give an auto exchange as soon as possible at Jedcharla in my constituency. I also request the hon. Minister to kindly consider to have an auto exchange at Nagarkurnool. Sir, since Jedcharla happens to be a marketing centre even from the income point of view it will get more profit than any other district headquarter.

Now, a word about the employees problems. The hon. Minister, Mr. Stephen has been leader of the trade union and, as such, the employees should feel privileged to have Mr. Stephen heading this Department. Many a time I myself have participated in many conferences and assured the employees that their demands will be sympathetically considered by the hon. Minister. Unless employees are happy we cannot expect good results. So, all the long outstanding and pending demands of the employees should be given due and sympathetic consideration.

As far as reservations are concerned. Mr. Makwana is there and I am sure he will take care of the reservation aspect. But there is lot of backlog. When we point out the backlog to them then they talk of Class IV and Class III employees only. What about officers cadre? There is lot of backlog in that cadre. So, I would request the hon. Minister to get it reviewed and examined from time to time.

Lastly, Sir, I would like to congratulate the staff who worked day and night at the time of Bharat Bandh and maintained the efficiency of the Department. I suggest that the hon. Minister should declare incentive awards to the staff engaged in the Department right from the lineman to the Director General and who are responsible for effective maintenance of the system. Those exchange which perform better should also be individually awarded even in rural areas.

With these few words, I convey my thanks to the Hon. Minister for listening to me and to the hon. Chairman for having given me this opportunity to speak on these Demands.

I support the Demands for Grants of the Departments of Communications, Posts and Telegraphs and Telephones. Thank you.

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर): सभापति महोदय, अभी हमारे साथी ने कहा कि अच्छे काम के लिए अवार्ड मिलना चाहिए। निश्चित रूप से यदि काम अच्छा हो तो अवार्ड मिलना चाहिए लेकिन गलत काम के लिए दण्ड भी मिलना चाहिए। दोनों चीजें होनी चाहिएं।

मंत्री महोदय की तरफ से मंत्रालय की यह वार्षिक रिपोर्ट है। इसका पेज 21 है। इसमें आप देखें कि वर्ष 1980–81 के लिए जो राशि मंजूर की गई है वह 403.31 करोड़ रुपये है और इसमें से खर्च 268.22 करोड़ रुपये हुई है। अब आपका डिपार्टमेंट इस तरीके से काम करे और वह डिपार्टमेंट इस तरीके से काम करे जिसके अफसर एफीशियेंट हों और मंत्री इतने बहादुर हों तो उसका अवार्ड देने की बात जहां हो वहां साथ साथ दण्ड देने की भी बात होनी चाहिए। मैं जानना चाहता हूं कि किस की लापरवाही के कारण यह पैसा खर्च नहीं हुआ ?

आपने पोस्टल चीजों के दाम बढ़ा दिये, टैक्स बढ़ा दिये जिनके कारण गरीब मर

[श्री रामविलास पासवान]

रहा है। यह जो अन्तर्देशीय पत्र है, इसको कौन खरीदने वाला है ? रेड्डी साहब आप जानते हैं कि हम लोगों का ट्रंक लाईन इमोडियेट भी हीं मिलती है, आरडिनरी और अरजेंट की तो बात छोड़िये। जिसकी टेलीफोन एक्सचेंज से सांठगांठ होगी, उसकी लाइन तो दो मिनट में मिल जाएगी। क्या गांव का गरीब आदमी टेलीफोन से बात कर सकता है ? उसका सहारा तो यह अन्तर्देशीय पत्र है। आपने उसके दाम भी बढ़ा दिये हैं। इसलिए बढ़ा दिये हैं कि विभाग को, मंत्रालय को पैसे की आवश्यकता है। जो पैसा आपके विभाग के लिए मंजूर किया जाता है उसको आप पूरा यूटिलाइज नहीं करते हैं, उसमें से 50 परसेंट यूटिलाइज करते हैं। यह है आपके विभाग की सक्षमता।

इस रिपोर्ट का पेज 28 देखिए जिसमें कहा गया है —

As on 31st December, 1981, the total number of post offices in the country was as follows:-

| | |
|---|---|
| Rural | 1,25,743 |
| Urban | 14,692 |
| Total: | 1,40,435 |

यह इनकी टोटल संख्या है। बिहार में पोस्ट आफिसिज की संख्या आपने बतलाई है, 10,284। हिन्दुस्तान में 5 लाख 98 हजार गांव हैं और आपके गांवों में पोस्ट आफिसिज हैं 1,25,743 और शहरों में 14,900। अभी हमारे साथी बता रहे थे कि पोस्ट आफिसिज की बड़ी दुर्दशा है। आपके तीस परसेंट पोस्ट आफिसों के अपने मकान हैं और बाकी के 70 परसेंट पोस्ट आफिस किराए के टूटे-फूटे मकानों में चल रहे हैं।

गांवों में जो आपके पोस्ट आफिसिज हैं और उनमें जो पोस्ट मास्टर हैं वे टेम्परेरी और पार्ट टाइम पर हैं अब मनीआर्डर उनके पास पहुंचे तो पहले तो वे उस रकम से कमायेंगे, खायेंगे। जब उनकी कमाई या खाने से वह रकम बच जायेगी तो वे उस मनीआर्डर वाले के घर पर कई महीनों के बाद पहुंचा देंगे। गांवों में आपके पोस्ट आफिसिज के पोस्ट मास्टरों की यह हालत है। जब आपके यहां इतनी अनएम्प्लाएमेंट है तो क्यों नहीं आप गांवों के अनएम्प्लाएड ग्रेजुएट पास, मैट्रिक पास लोगों को इन पोस्ट आफिसिज में एम्प्लाएड करने की व्यवस्था करते हैं ? उन का आप क्यों नहीं फुल टाइम बहाल करते हैं ?

हमारे गांव में, मुझे मालूम है कि पोस्टमैन का 6–6 मील तक डाक लेकर जाना पड़ता था। उसका वेतन कितना होता था ? उसका मासिक वेतन इतना होता था जितना कि हमारा एक दिन का खाने का भत्ता। हमारे पास आंकड़े नहीं हैं, आप बतलाएं कि रूरल एरियाज में जो पोस्ट आफिस हैं, रिजर्वेशन तो वहां रहता ही नहीं है, इफीसिएंसी भी नहीं है। इफीसिएंसी इसलिए नहीं है कि खेती बाड़ी का काम भी चल रहा है और साथ-साथ पार्ट टाइम में यह काम भी कर रहे हैं। 5 गांवों में एक पोस्ट आफिस बनता है। सड़कें भी नहीं हैं, जिससे मोबाइल वेन की व्यवस्था की जा सके। तो आप पोस्ट आफिसेस की संख्या ही बढ़ा दीजिए, मोबाइल वेन की व्यवस्था कीजिए और तीसरी चीज पार्ट टाइम के बजाए पूरी व्यवस्था कीजिए, इससे गांव के गरीब लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। इसके साथ-साथ पोस्टमैन का वेतन भी अच्छा कीजिए, क्योंकि वह भी आपका ही कर्मचारी है और बदनामी तो विभाग की ही होती है। आपके विभाग को समस्या है, इसलिए आप से ही कहेंगे, आप समस्या का निदान कीजिए। आपका यह तर्क भी नहीं माना जा सकता कि आपके पास पैसा

नहीं है । आपने पैसा लिया लेकिन खर्च नहीं किया । आपने 403 करोड़ में से 268 करोड़ रुपया ही खर्च किया है ।

टेलीकम्युनिकेशन के बारे में मैं देख रहा था कि आपने रिपोर्ट में कहा है कि 27 लाख 85 हजार 96 टेलीफोन कनेक्शन हैं और जनसंख्या है 68 करोड़ । 68 करोड़ की जनसंख्या है और पोस्ट आफिस की सुविधा नहीं है और इन टेलीफोनों में से कितने डैड रहते हैं ।

मैं मानता हूं कि हर विभाग में कुछ गड़बड़ी होती है, लेकिन जिस ढंग से आपने कह दिया दोनों हाउस में और उसी का अनुसरण आपके डिपार्टमेंट ने करना शुरू कर दिया । पब्लिक रेप्रेजेंटेटिव हैं, और किसी भी आदमी को शिकायत हो सकती है, आप भी कभी-कभी झल्ला जाते होंगे । लेकिन आपको तो पी० ए० मिला कर लाईन देता है, इसलिए आप न झल्लाते होंगे, लेकिन हम लोगों को जब रंगा साहब के यहां टेलीफोन की लाइन नहीं मिलती तो हम 199 रिंग करते हैं तो मिल जाता है कहीं और तो झल्लाहट तो होती है । एक टेलीफोन काल के लिए 5 टेलीफोन काल बरबाद होते हैं, जब कि आपने 15000 काल की लिमिट लगा रखी है, चाहे हम ट्रंक-काल करें या कैसे भी उपयोग करें । (व्यवधान)

**एक माननीय सदस्य** : चौधरी साहब नाराज हो जाते हैं ।

**श्री राम विलास पासवान** : चौधरी साहब का हो या प्राइम-मिनिस्टर का हो, किसी का टेलीफोन ठीक काम नहीं करता । वहीं पार्लियामेंट हाउस में देख लीजिए जो इंटरनल टेलीफोन व्यवस्था की गई है, हमारे पार्टी आफिस के टेलीफोन के लिए दिन में दस बार कहना पड़ता है । इसलिए जितने टेलीफोन हैं कम से कम वे तो ठीक ढंग से काम करें । आप ने ब्यान दे दिया कि कमशियल बेसिस पर है, लेना हो लीजिए नहीं तो, लौटा दीजिए---यह कोई जबाव नहीं है । आपके आफिसर सोचते हैं कि जब मंत्री ने ऐसा बोल दिया है तो हम भी बोल सकते हैं । जम्मू-कश्मीर में लौटा दिया, बिहार में लौटा दिया गया । इसका अंततोगत्वा नतीजा क्या होगा ? इस प्रकार से आपका विभाग रसातल में चला जाएगा, नर्क में चला जाएगा । डिपार्टमेंट आगे नहीं बढ़ सकता । इसको आगे बढ़ाने के लिए जो अफसर अच्छा काम करें उनको शाबाशी दीजिए, जो खराब काम करें उनको दण्ड भी दीजिए । एशियन गैम्ज होने जा रही है नवम्बर में । उसके लिए आपके पास कितना टेलीफोन का टारगेट है और क्या वह पूरा हो जाएगा ? फारेन डिगनेटरीज सब आएंगे जो लक्ष्य आपने रखा है उस लक्ष्य के मुताबिक टेलीफोन्ज की सुविधा क्या उपलब्ध हो जाएगी ? नहीं होगी अखबारों में निकल रहा है वहां हो रही बंगलिग्स के बारे में ।

बिहार में टेलीफोन की तो और भी ज्यादा दुर्दशा है । जंक्शन जहां दूसरी जगह 1157 आप ने दिए हैं वहां बिहार में केवल 475 ही हैं । एक आप की ओ वाई टी स्कीम है जिस में आप आ5 हजार रुपया जमा करते हैं । लोग दो-दो और तीन-तीन साल में लाइन में लगे रहते हैं लेकिन उनका नम्बर ही नहीं आता है । लाइन चल रही है तो चल रही है, नहीं चल रही है तो नहीं चल रही है ।

चिट्ठियों और तारों के बारे में तो बहुत ही शिकायतें हैं । चिट्ठी और तार में कोई अन्तर नहीं रह गया है ।

[श्री राम विलास पासवान]

कहीं कही तो पत्र पहले पहुंच जाता है और तार बाद में पहुंचती है। ट्रंक काल्ज की भी वही बुरी हालत है। लाइन मिलती ही नहीं है। अभी तो मेरे पास पांच छः महीने से बिल नहीं आया है जो मैं शिकायत कर सकूं लेकिन ट्रंक काल्ज की हालत यह है कि आदमी दिल्ली में है नहीं और बिल पर बिल आते जाते हैं। ये सब बातें मैं नुक्ताचीनी करने के दृष्टिकोण से नहीं कह रहा हूं लेकिन इनएफिशेंसी जो आ गई है उसको दूर करने के लिए कह रहा हूं। मजबूती के साथ इसके बारे में आपको कदम उठाने चाहियें।

कम्युनिकेशन गैप नहीं होना चाहिए। कम्युनिकेशन सिस्टम पर सब चीज निर्भर करती है। नार्थ ईस्ट जोन में हम गए थे एस० सी० एस० टी० कमेटी के साथ। पनिका जी भी गए थे। हम ने वहां पर कम्युनिकेशन गैप्स इस कद्र पाया, रोड्ज का हो या आपके कम्युनिकेशन सिस्टम का हो कि ऐसे लगता था कि शायद वह इलाका हिन्दुस्तान का भाग ही नहीं है। देश की एकता को बनाये रखने के लिए जहां और चीजों का महत्व है वहां यह डिपार्टमेंट भी काफी महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकता है।

हम लोग अंदमान निकोबार गए थे। वहां की परिस्थिति अलग है। प्लेन की भी वहां डेली सर्विस नहीं है। वहां टेलीग्राम या टेलीग्राफ नाम की एक पत्रिका निकलती है। मैंने कहा कि इसका नाम लैटर रखो, टैलीग्राम या टैलीग्राफ क्यों रखा हुआ है।

अब मैं दो गम्भीर मामले उठाना चाहता हूं। एक डाक सैंसर करने का है और दूसरा टैलीफोन टैप करने का है। जहां तक सेंसर करने की बात है यहां पर इसके बारे में काफी डिसकशन पिछली बार हो चुकी है और विस्तारपूर्वक सब चीज बताई जा चुकी हैं। लेकिन उसका रिजल्ट कुछ नहीं निकला है। नतीजा यह है कि व्यापक पैमाने पर डाक सेंसर हो रही है पालिटिशियन्स की भी और जरनलिस्ट्स की भी। ऐसा मालूम देता है कि इसका कोई क्राइटीरिया है ही नहीं। नए सिरे से क्या आप इस मामले पर विचार नहीं कर सकते हैं? अंग्रेजों ने जो कानून बना दिए उन पर हम चिपके हुए हैं। मैं मानता हूं कि उनके द्वारा बनाये गए सब कानून बुरे नहीं थे। लेकिन बहुत से बुरे भी थे। लेकिन आज भी वही सारी चीज आजादी के नाम पर हो रही हैं। सारे के सारे जितने कानून हैं, जितनी व्यवस्था है, ब्यूरोक्रेट्स के तौर तरीके हैं सब वही हैं और वही पुरानी एप्रोच है। हिन्दुस्तान आजाद हो गया है लेकिन एप्रोच वही है। वही पुरानी नीति वही पुराने कानून और ऐसा मालूम पड़ता है जैसे कनफ्रंटेशन की स्थिति पैदा हो गई हो। सब जगह हम फेल होते जा रहे हैं। मैं समझता हूं कि हम को नए तरीके से सोचना चाहिए।

टेलीफोन टैप किए जाते हैं। आपके पास खुफिया विभाग है, सब चीज है। टेलीफोन टैप करने की बात तो आप छोड़ दें। आज स्थिति यह है कि कोई आदमी ईमानदारी के साथ दो मिनट बात करना चाहे तो नहीं कर सकता है। लाइन कहीं से कहीं पहुंच जाती है। आप इधर से कहिएगा टेलीफोन रखो, वह उधर से कहेगा तुम टेलीफोन रखो। ठीक है हमारे एक साथी ने कहा कि हम पावर में थे तो हम ने क्या किया। अब अगर हमने नहीं किया तो इसका मतलब क्या यह है कि आप भी न

करो ? पालियामेंट के मेम्बरों और जर्नलिस्टों के टेलीफोन टैप हो रहे हैं आज। कल यदि आपका ही टैप होने लगे तब क्या करोगे ? एक सज्जन मकवाणा जी को यह कह रहे थे कि रिजर्वेशन पोलिसी को इमप्लीमेंट क्यों नहीं करते ? हमने कहा कि उस पोलिसी को इमप्लीमेंट करते करते होम मिनिस्ट्री से कम्यूनिकेशन्स मिनिस्ट्री में आ गए, और अगर यहां इमप्लीमेंट करेंगे तो कहा जाएगा कि घर जाइये तो इमप्लीमेंटेशन तो पौलिसी का तभी होता है जब उसका रिवार्ड मिले।

हिन्दी के बारे में कहा जा रहा है प्रोग्रेसिव यूज आफ हिन्दी। लगता है कि जैसे बहुत ज्यादा विकास हो रहा है हिन्दी का। मैंने आफिशियल लेंगुएज कमेटी में कहा था एक बार जब फोनोग्राम कर रहा था तो चार बार हम से पूछा गया कि आप ने क्या कहा। पहले तो एक लड़के की समझ में नहीं आया, हमने कहा कि मानीटर को बुलाओ। तो उसने कहा फिर बोलिए। 10 मिनट बाद मैंने पूछा कि मेरा मैसेज कनफर्म हो गया ? तो कहा गया आपने क्या मैसेज दिया था। अन्त में हमने कहा तुम अंग्रेजी में ही लिख लो। यह हिन्दी की प्रोग्रेस है। जिस ने रिपोर्ट तैयार की है उसको शायद मालूम नहीं है कि आफिशियल लेंगुएज ऐक्ट क्या है। इसका मतलब यह नहीं है कि सारा काम हिन्दी में चलाइये। उसका मतलब होता है कि इस देश की भाषा हिन्दी रहेगी, साथ-साथ अंग्रेजी भी चलेगी। लेकिन हो गया यह कि अंग्रेजी चल रही है साथ साथ हिन्दी चले या न चले।

संचार मंत्री (श्री सी० एम० स्टीफन) : दोनों चलेंगी।

श्री राम विलास पासवान : लेकिन अभी एक तरफा मामला चल रहा है। आदेश है कि नैम प्लेट बाइलिंगुअल हो। क्यों ? इसलिए कि तमिलनाडु में चले जाइये बहुत से लोग अंग्रेजी नहीं समझते हैं। अभी तो दक्षिण में भाषा के सवाल को लेकर कन्नड़, मलियालम, तेलगू में झगड़ा हो रहा है, आप किसी सुदूर गांव में जाइये कोई आदमी ऐसा नहीं है जो अंग्रेजी समझता हो। हिन्दी भी नहीं समझते हैं।

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी : हिन्दी तमिलनाडु में भी समझते हैं।

PROF. N. G. RANGA (Guntur): We don't understand Hindi.

SHRI C. T. DHANDAPANI (Pollachi): It is wrong information that Mr Reddy is giving. In Tamil Nadu whenever we go in remote corner, they will understand English.

SHRI RAM VILAS PASWAN: It is totally wrong.

SHRI C. T. DHANDAPANI: They do.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: Wherever we go in Tamil Nadu, they understand Hindi.

PROF. N. G. RANGA: We don't understand Hindi in most parts of Andhra, except in Telengana.

श्री राम विलास पासवान : मैं यह कह रहा था कि भाषा का मामला यह है कि दक्षिण भारत में न लोग हिन्दी समझते हैं न अंग्रेजी समझते हैं। अंग्रेजी निश्चित रूप से कुछ ही पढ़े लिखे लोगों की भाषा है। मैं साऊथ में एक होस्टल में गया था और यह समझ कर लड़के से कह रहा था कि वह अंग्रेजी जानता होगा। तो वह भी हकला कर अंग्रेजी बोल रहा था, जैसे कि यहां लोग बोलते हैं। इसलिए कहा गया था कि जब तक देश में अंग्रेजी

[श्री राम विलास पासवान]

समाप्त नहीं हो जाती तब तक दोनों भाषाओं में काम काज चले। लेकिन सरकारी दफ्तरों का मामला यह हो गया कि बाइलिंगुअल का मतलब हो गया अंग्रेजी का राज्य कायम कर दो।

PROF. N. G. RANGA: Then you will divide India. That you would do unnecessarily.

SHRI RAM VILAS PASWAN: What?

PROF. N. G. RANGA: It is Hindi mandness that responsible for South India lagging behind in learning Hindi.

**श्री राम विलास पासवान**: रंगा साहब, आप बहुत पुराने नेता हैं।

PROF. N. G. RANGA: Don't impose Hindi on us.

SHRI RAM VILAS PASWAN: I don't want to impose Hindi, but I do not want to impose English also.

आजादी के 35 साल के बाद भी इस देश की कोई अपनी भाषा नहीं बन सकी और रंगा साहब, आप जिस पार्टी को बिलांग करते हैं, प्रधान मंत्री हमेशा कहती हैं कि अपने देश की कोई भाषा लिंक लेंगुएज बनाओ, अपने देश की भाषा चलाओ, अपने देश की भाषा चलाओ। यह कोई भाषा हो सकती है, मलयालम हो सकती है, कन्नड हो सकती है, तेलगु, तमिल, गुजराती या मराठी कोई भी हो सकती है, लेकिन अंग्रेजी देश की भाषा नहीं हो सकती है। यदि हो सकती है तो उन लोगों का अपना देश भी नहीं हो सकता है। दोनों चीजें नहीं हो सकती है कि भाषा हम विदेशी ग्रहण करें और कहें कि देश हमारा है।

जिन-जिन दूसरे मुल्कों ने आजादी प्राप्त की है, वहां जाकर देखिये। अफरीकन कंट्री हैं, अमेरिका है, यू एस ए है जिसकी कोई अपनी भाषा नहीं थी, उन्होंने अपनी भाषा चलाई। हम लोग यहां कहेंगे टायलेट और वहां कहेंगे जैंटिल मैन रूम। हम लोग कहेंगे यैस और वह कहेंगे या"। हम लोग कनाडा गए थे, तो एक फ्रैंच मैन ने कहा था --

"This is the second largest country in the world which is speaking French".

"I am proud about my language; but because you don't understand my language, I have to speak in English."

यह वह हम लोगों को बतलाता था। आपको ख्याल नहीं है। रशिया का व्यक्ति यहां आता है, हमारे सेंट्रल हाल में बैठते हैं ब्रेझनेव साहब और वह रशियन में बोलते हैं और आप ट्रांस्लेट करते हैं अंग्रेजी में। उनका ट्रांस्लेटर कहता है कि चूंकि आप हिन्दी नहीं समझते हैं, इसलिए हमको अंग्रेजी में बोलना पड़ रहा है। इसलिए कोई भी भाषा हो, हमारे जैसा आदमी जो प्रैजूडिस नहीं है, आप हिन्दी चलाइये, हम हिन्दी सीख लेंगे, तमिल चलाइये तमिल सीख लेंगे, तेलगू, मलयालम, कन्नड या गुजराती जो भी आप चलायेंगे हम उसी भाषा को सीख लेंगे लेकिन अपने देश में अपनी भाषा चलनी चाहिए।

दूसरी बात मैं यह कह रहा था कि कांस्टीट्यूशन के मुताबिक पार्लियामेंट में पास किए हुए एक्ट के मुताबिक दोनों भाषाओं में काम चलना चाहिए जब तक कि अपने देश की भाषा लिंक लेंगुएज नहीं बनती है, उस में हिन्दी भी है, अंग्रेजी भी है, लेकिन जो भी चीज निकलती है, एक्सैप्ट पार्लियामेंट की रिपोर्ट को छोड़कर आपकी रिपोर्ट कागज-पत्र सब अंग्रेजी भाषा में ही चलते हैं।

इस लिए मंत्री जी को इस तरफ गंभीरतापूर्वक ध्यान देना चाहिए।

मैं एक बात का लास्ट में आग्रह कर के बैठ जाऊंगा कि अभी कुछ दिन पहले आचार्य कृपलानी जी का देहान्त हो गया है। आप ने अभी तक सभी राजनेताओं के नाम पर डाक-टिकट जारी किए हैं तो मेरा आग्रह है कि आपको आचार्य कृपलानी जी का डाक-टिकट जारी करने में भी कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री दिलीप सिंह भूरिया (झाबुआ) : सभापति महोदय, मैं संचार मंत्रालय की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं संचार व्यवस्था हमारे जीवन के साथ काफी जुड़ी हुई है और यह पब्लिक डीलिंग है इसलिए जनता इस बात का एसेसमेंट करती है कि हमारा टेलीफोन कनेक्शन, डाक व्यवस्था कितनी फुर्ती से काम करती है। एमर्जेन्सी में 1975 से 1977 में इसकी घोर तारीफ हुई और उसके बाद हमारे अपोजिशन के लीडर आदरणीय स्टीफन साहब बने और कमांडिंग इन चीफ रहे और उसके बाद फिर हम पावर में आ गए। अब यह डिपार्टमेंट उसी कमान्डर इन चीफ के पास है। उनको मार्शल ला लगाकर इस डिपार्टमेंट को ठीक करना चाहिए और बढ़िया से बढ़िया काम कर के दिखाना चाहिए। यह मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं।

आज लोग इस टेलीफोन कम्यूनिकेशन से बहुत परेशान हैं। इसका बजट बढ़ा हम गांव में जाते हैं, बस में बैठते हैं, ट्रेन में जाते हैं, लोग इस बात का ऐसेसमेंट करते हैं, इसका रेट बढ़ाने की तकलीफ नहीं है, मगर लोग टेलीफोन लगाकर 10,10 घंटे, 6, 6 घंटे बैठे रहें और टेलीफोन न लगे, 100, 150 किलोमीटर से आदमी जाकर आ सकता है, लेकिन टेलीफोन नहीं लगता है। इस बात की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। मैं एक आदिवासी और पहाड़ी एरिया से आता हूं। मैं आज तक दिल्ली से झाबुआ टेलीफोन पर बात नहीं कर सका हूं। यहां से इन्दौर कनेक्ट किया जाता है, इन्दौर से रतलाम और रतलाम से झाबुआ कनेक्ट किया जाता है। ये तीन सकल कभी नहीं मिलते हैं। हमेशा कहा जाता है कि लाइन बिजी है। अगर मैं शाम को ट्रेन में बैठू तो कल सवेरे वहां पहुंच जाऊंगा और वहां दोपहर से चल कर दूसरे दिन सुबह जहां यहां पहुंच जाऊंगा। लेकिन टेलीफोन दस बारह घंटे में नहीं मिल सकता है। इसलिए टेलीफोन सिस्टम को ठीक किया जाना चाहिए। अगर हम दिल्ली से न्यूयार्क बात करना चाहें तो पांच मिनट में कर सकते हैं। इसी तरह लंदन और टोकियो से बात कर सकते हैं। लेकिन सभापति महोदय दिल्ली से आपकी कांस्टीट्यूएन्सी सतारा, से बात नहीं हो सकती है।

अगर हमारे कमान्डर इन-चीफ इस सिस्टम को अच्छा बना दें, तो शहरों में जो भीड़ बढ़ रही है वह कम हो सकती है। विदेशों में गांवों में टेलीफोन का इतना अच्छा सिस्टम है कि वहां से कहीं भी बात कर सकते हैं। अगर यहां भी गांवों में अच्छा टेलीफोन सिस्टम हो जाये और वहां पर ही दिल्ली के राजनैतिक भाव, व्यापार और बिजिनेस के भाव मालूम हो जाएं, तो कोई इन्दौर या झाबुआ से दिल्ली में आने का कष्ट नहीं करेगा। चूंकि हमें वहां पर

[श्री दिलीप सिंह भूरिया]

दिल्ली का राजनैतिक भाव मालूम नहीं होता, इसलिए हम सोचते हैं कि चलो दिल्ली। इस लिए इस सिस्टम को सुधारने की आवश्यकता है।

हमें बहुत खुशी है कि अभी हमने जो इनसैट छोड़ा है, वह बहुत से गांवों को कनेक्ट करेगा। लेकिन इसके साथ-साथ गावों और किसानों के विकास और हरिजन-आदिवासियों की जाग्रति पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर खम्बों पर लगी ओपन लाइन के स्थान पर अंडरग्राउंड लाइनें लगा दी जाएं, तो निश्चित रूप से सिस्टम में काफी सुधार हो जाएगा।

छठी प्लान में कई लाइनें और पी० सी० ओ० खोलने की योजना है। मेरी कांस्टीट्यूएन्सी में 14 पी० सी० ओ० खोले गए हैं। लेकिन स्थिति यह है कि जिस दिन मैं किसी पी० सी० ओ० का उद्घाटन करता हूं, उस दिन तो टेलीफोन पर बात होती है, बाकी दिन वह पी० सी० ओ० बन्द रहता है। मैंने पहले भी अपनी कांस्टीट्यूएन्सी के नानपुर गांव का जिक्र किया था, जिसकी तीन हजार की पापुलेशन है। जब मैंने उसका उद्घाटन किया, तो भोपाल में जेनरेल मैनेजर से बात हो गई। लेकिन छः महीने के बाद जब मैं किसी काम से वहां गया, तो वह बन्द पढ़ा था और इस अवधि में वहां पर एक भी काल बुक नहीं हुआ था। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे बहुत से पी० सी० ओ० हैं, जो बिल्कुल काम नहीं करते हैं। इससे लोग परेशान हैं।

मेरा कहना यह है कि अगर सरकार ठीक व्यवस्था कर सकती है, तो वह पी० सी० ओ० खोले, वर्ना वह कह दे कि हमारे पास आदमी नहीं है, तार नहीं है, दूसरे साधन नहीं हैं, इसलिए हम नहीं खोल सकते। तब हम लोगों को यह जबाब दे सकेंगे कि हम कोशिश कर रहे हैं, अगर इस साल नहीं, तो अगले साल पी० सी० ओ० कुछ खुल जाएगा। लेकिन अगर एक बार खुल जाने पर पी० सी० ओ० बाद में काम न करे तो हमें बहुत परेशानी होती है।

मेरी कांस्टीट्यूएन्सी में रतलाम डिस्ट्रिक है। वहां 1300 कनेक्शन हैं। इस समय वहां पर मुश्किल से 60 परसेंट स्टाफ है। चूंकि ओवर-टाइम बन्द कर दिया गया है, इसलिए जब स्टाफ आठ दस घंटे तक अपनी ड्यूटी दे देता है, तो चार-पांच रुपये पर कुलियां को वहां बिठा देते हैं। अगर हम 11 नम्बर मांगें तो वे 21 देते हैं और 21 मांगें तो 11 देते हैं। यह स्वभाविक है क्योंकि वे अनपढ़ कुली होते हैं। इस लिए अधिक से अधिक लोगों को भर्ती करना चाहिए। और ट्रेनिंग दें, नयी टेक्नीका दें तथा उस सारे सिस्टम को ठीक करें, ये जो जगहें हैं वहां अच्छे से अच्छा आदमी रखें और अच्छे से अच्छा काम हो, यह मैं चाहता हूं। यह मेरी कांस्टीट्यूएन्सी का मामला है। एक झाबुआ-रायगढ़ इन्दौर का मामला है जिस के बारे में कई बार जनरल मनेजर को मैंने लिखा है कि एक जरा सा विभाग है, वहां इन्टर डिस्ट्रिक्ट का मामला है, एक रामा गांव है वहां तक लाइन है और एक धार डिस्ट्रिक्ट का लत्ती गांव है, सिर्फ 12 किलोमीटर का मामला है, मगर वह इंटर-डिस्ट्रिक्ट का मामला आ जाता है, तो इंटर कानेक्शन का मामला आ जाता है। अगर वह 12 किलोमीटर

जोड़ दें तो इन्दौर से दाहोद झाबुआ सब जगह बात हो सकती है। मगर पता नहीं यह टेलीफोन वाले किस प्रकार काम करते हैं, किस सिस्टम से काम करते हैं ? हमें किस लाइन से प्राफिट है इस को अगर देखें और प्राफिट को जोड़ें तो निश्चित रूप से इस डिपार्टमेंट को लाभ हो सकता है। मैं यह चाहता हूं कि ये ऐसी छोटी छोटी बातें हैं, अलीराजपुर से इन्दौर, इन्दौर से छोटा उदयपुर, इन सारे स्थानों को जोड़ने का काम बहुत आसानी से हो सकता है और इस से हम लोगों का बहुत भला हो सकता है ।

दूसरे ये जो फर्जी काल्स होती हैं, इसके बारे में आप जांच कराएं, कौन आपरेटर बैठता है और कहां फर्जी काल होती है जो हमारे घर पर हमारे बिल में आकर जुड़ जाता है, जैसे वर्ली मटका वालों को देखिए कि दिल्ली से बम्बई जो आदमी मटका खोलता है उस को विदिन टु आर थ्री मिनट्स मालूम हो जाता है कि यह नम्बर खुला है और आप दिल्ली से बम्बई लाइटनिंग काल लगावे तो घंटों लग जाएंगे और काल नहीं मिलेगी। तो ऐसे लोग जांच करने वाले रखिए, एक अलग एजेंसी बनाइये इसके लिए और ऐसे लोग जो फर्जी काल लगाते हैं और फर्जी बिल बनाते हैं उन के खिलाफ अधिक से अधिक कठोर कार्यवाही कीजिए, उनको दण्डित कीजिए। एमर्जेंसी के अन्दर हमारी रेलवेज और कम्यूनिकेशन के अन्दर बड़ी तारीफ हुई, हमारे नेता की तारीफ हुई है। उस के बाद हम हार गए। आज फिर चीफ कमान्डर हमारी नेता हैं, हम फिर लड़े और हम जीतकर पावर में आए हैं। तो थोड़ा सा इस डिपार्टमेंट के ऊपर सख्ती करने की आवश्यकता है । कुछ लोग जानबूझकर इस विभाग को बदनाम करने और जानबूझकर इसकी जो टेकनीक है उसको फेल करने में लगे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कीजिए ।

. . . (व्यवधान) . . .

**सभापति महोदय :** महिला ने कुछ लिख कर दिया वह भी कह दीजिए ।

**श्री दिलीप सिंह भूरिया :** हां, वह भी कह रहा हूं और आपकी बात भी कह रहा हूं ।

यह जो भवन वाली बात चली है, यह हमारा डिपार्टमेंट हर गांव में, हर शहर में फैला जरूर है, मगर जहां तक भवन का सवाल है जो हमारे साथियों ने विचार प्रकट किए हैं वे बिल्कुल सही हैं । यह सेण्टर का डिपार्टमेंट है, हमें गर्व होता है, लेकिन हमारे पास भवन नहीं हैं । मैं चाहता हूं कि मंत्री जो इसके लिए प्लान बनाएं कि कहां किस जिले में भवन है, कहां नहीं है । कम से कम जो ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाला स्टाफ है उसको रहने का और आफिस का भवन तो निश्चय ही होना चाहिए।

यह जो हमारा खजुराहो है वहां सारे वी० आई० पी० लोग जाते हैं और जब उनको वी० आई० पी० ट्रीटमेंट दिया जाता है तो फिर लंदन से भी बात करनी पड़ती है, न्यूयार्क से भी बात करनी पड़ती है, टोकियो से भी करनी पड़ती है—सब जगह से बात करनी पड़ती है । तो ऐसे जो हमारे टूरिज्म के अड्डे हैं, जो पापलुर हैं, और खजुराहो तो बहुत पापलुर है, ऐसी कल्चर है उसकी, तो ऐसी जगह टेलीफोन का सिस्टम ऐसा बनाएं कि जहां से भी जोड़ कर बात हो सके, वहां के लिए लाइन बिछाई जाए । चाहे दिल्ली से, चाहे भोपाल से, चाहे कहीं से भी जोड़ दें और ये हमारी बहन कह रही हैं कि कभी वहां डायल टोन

[श्री दिलीप सिंह भूरिया]

नहीं मिलती है, वी आई पी लोग हताश हो जाते हैं तो मैं चाहता हूं कि मंत्री जी ऐसी शिकायत का मौका न दें।

हमारा मध्य प्रदेश बहुत पिछड़ा हुआ प्रदेश है। वहां अगर लाइन बिछाते हैं तो कहीं 44 किलोमीटर, 42 या 43 किलोमीटर ऐसा कुछ आता है। तो ऐसी जगह में जहां ग्रामीण क्षेत्र हैं, पहाड़ी इलाका है या जहां आदिवासी लोग रहते हैं वहां अधिक से अधिक पी सी ओ और पोस्ट आफिस खोलें जिस से उन लोगों को पता लगे कि यह टेलीफोन है जिस से इस तरह बात हो सकती है। पहले जमाने में वह बात करते थे कि आकाशवाणी से भगवान राम बात करते थे, तो टेलीफोन को वह भगवान राम मानते अगर गांवों में आप वह खोल दें। यह इस विभाग की और मंत्री जी की बड़ी मेहरबानी होगी। मैं मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं और उन मांगों का समर्थन करता हूं।

**श्री चन्द्रपाल शैलानी** (हाथरस) : सभापति महोदय, मैं संचार मंत्रालय की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। आज के इस आधुनिक युग में संचार केवल महत्वपूर्ण ही नहीं बल्कि वह जीवन का एक अंग बन गया है। आज संसार कहां से कहां जा रहा है। हमारा देश भी संसार में एक उच्च स्थान पर पहुंचे, आगे बढ़े—इसके लिए संचार व्यवस्था की भी अत्यन्त आवश्यकता है। यह विभाग अच्छी तरह से काम करे और लोगों की समस्याओं और परेशानियों का दूर करे, यह भी बहुत आवश्यक है। बहुत से विपक्षी साथियों ने जो यहां पर आलोचना की है उनकी बातों का देखते हुए मेरा अनुरोध है कि मंत्री जी इसमें सुधार लायें।

इसमें कोई दो रायें नहीं हैं कि आजादी के बाद इस विभाग ने व्यापक पैमाने पर बहुत तरक्की की है। दूर-दराज इलाकों में, जहां पर डाकखाने और तारघर नहीं थे वहां पर हजारों की तादाद में नये तारघर और डाकखाने खोले गए हैं तथा अन्य आधुनिक सुविधायें प्रदान की गई हैं लेकिन थोड़ी सी परेशानी इसकी व्यवस्था के सम्बन्ध में है।

**16.07 hrs.**

[SHRI SOMNATH CHATTERJEE *in the Chair*]

जैसा कि बहुत से साथियों ने यहां पर कहा है कि वी आई पीज के टेलीफोन की स्थिति ठीक नहीं है, फिर जो छोटे छोटे स्थान हैं, छोटे-छोटे शहर या कस्बे हैं वहां की क्या हालत होगी—इसका अन्दाजा आप स्वयं लगा सकते हैं। दिल्ली तो इस देश की राजधानी है लेकिन जहां पर मैं रहता हूं हाथरस, अलीगढ़, एटा, बुलन्दशहर, बदायूं, मैनपुरी—यह जो छोटे छोटे कस्बे हैं वहां के जो टेलीफोन आपरेटर्स हैं उन के सम्बन्ध में मंत्री जी से मेरी गुजारिश है कि उनको ट्रेनिंग देते समय इस प्रकार की व्यवस्था की जाए जिससे कि वे व्यवहार-कुशल बन सकें और मृदु-भाषी हो सकें। छोटे छोटे कस्बो के जो टेलीफोन एक्सचेंज हैं वहां से जब हम टेलीफोन मिलाते हैं तो उनका सब्सक्राइबर्स के साथ व्यवहार अच्छा नहीं रहता और उनकी भाषा अच्छी नहीं रहती है। यह आम तौर पर लोगों की शिकायत है।

हमारे बहुत से साथियों ने यहां पर एक बात कही है जोकि एक हकीकत है। मेरा क्षेत्र हाथरस है और जिला अलीगढ़ है। वहां से मैं या कोई भी अन्य सब्सक्राइबर अहमदाबाद, बम्बई, कानपुर या दिल्ली के लिए काल बुक करता है,

जेन्यूइन काल, तो वह नहीं मिलेगी क्योंकि उनका बड़े बड़े व्यापारियों, आढ़तियों और उद्योगपतियों से मिली भगत रहती है। होता यह है कि उनका फोन दो मिनट में मिला दिया जायेगा और फिर शाम को वे दुकान पर गए और पैसे ले आए। मंत्री जी को इस बात पर बड़ी गम्भीरता के साथ सोच-विचार करने की जरूरत है ताकि इस विभाग की जो बदनामी हो रही है उससे उसको बचाया जा सके।

बहुत से साथियों ने यहां पर रांग बिलिंग का भी जिक्र किया है। अक्सर देखने में आता है कि टेलीफोन कर रहे हैं आप और बिल आ रहा है मेरे नाम यह किसकी गल्ती है, यह कौन करता है और यह क्या चक्कर है—इसकी पूरी छान-बीन होनी चाहिए।

यह तो सम्भव नहीं है कि हर छोटे-छोटे कस्बे का जिले के साथ सम्बन्ध हो जाए लेकिन मेरा सुझाव है कि कम से कम तहसील हेडक्वार्टर के साथ टेलीफोन के जरिए जिले का सम्बन्ध अवश्य हो जाना चाहिए ताकि अगर कभी कोई गम्भीर समस्या उत्पन्न हो, कोई मरीज बहुत बीमार पड़ जाये और उसके इलाज की कोई व्यवस्था न हो, या कहीं पर आग लग जाए या डकैती जैसी कोई वारदात हो जाए तो तुरन्त सम्पर्क स्थापित किया जा सके। कभी-कभी टेलीफोन मिलाने में पूरी-पूरी रात निकल जाती है, लेकिन लाइन नहीं मिलती है। कहीं पर आग लग जाए तो कहीं भी सुनवाई नहीं होती है, क्योंकि दमकल की व्यवस्था ज़िले में होती है, ज़िले में बड़े-बड़े अधिकारी रहते हैं, एल० पी० कलैक्टर वहां पर रहते हैं, इसलिए तहसील हैडक्वार्टर टेलीफोन का सम्बन्ध सीधे ज़िला टेलीफोन से होना चाहिए। मैं अलीगढ़ ज़िले के सिकन्दराबाद का रहने वाला हूं। यदि मुझे अलीगढ़ कॉल बुक करनी हो, एस० पी० या कलैक्टर से बात करनी हो, रिश्तेदार से बात करनी हो तो पहले मुझे हाथरस कॉल बुक करानी होगी, फिर हाथरस अलीगढ़ बुक करानी पड़ेगी। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि तहसील हैडक्वार्टर का सीधा सम्पर्क ज़िले के टेलीफोन एक्सचेंज से होना चाहिए।

दिल्ली और अलीगढ़ के बीच में डायरैक्ट डायल है और अलीगढ़ में एटोमैटिक एक्सचेंज है। जब अलीगढ़ से दिल्ली या दिल्ली से अलीगढ़ टेलीफोन मिलाते हैं, तो घण्टों लग जाते हैं, लेकिन डायल नहीं मिल पाता है। अगर गाजियाबाद भी मिलायें, तो आपकी नाम में दम आ जाएगा, लेकिन आप की बात गाजियाबाद नहीं हो सकती है।

श्रीमन्, 1971 में सबसे पहले मैं लोकसभा में आया था। उस वक्त अलीगढ़ में एटोमेटिक एक्सचेंज नहीं था, लेकिन वहां पर टेलीफोन एडवाइज़री कमेटी थी। मुझे बड़े अफसोस के साथ यह बात कहनी पड़ रही है कि अलीगढ़ एक इण्टरनेशनल इम्पोर्टेंस की जगह है, वहां पर यूनिवर्सिटी है, गवर्नमेंट आफ इंडिया का प्रैस है, केन्द्रीय सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के बड़े-बड़े दफ्तर हैं, वहां पर बहुत बड़ा एक्सचेंज है, सरकार ने लाखों रुपयों की कीमत से बिल्डिंग बनाई है, इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि अलीगढ़ में टेलीफोन एडवाइज़री कमेटी को बनाया जाए।

जहां तक पी० सी० ओज़ की बात है, पी० सी० ओज़ छोटे कसबों में होते हैं, जो अक्सर काम नहीं करते हैं। देहातों में बिजली की समस्या है, बिजली नहीं आती है। बैट्रीज़ से चला सकते हैं, लेकिन पी० सी० ओज़ का फंक्शन ज्यादा सैटिसफैक्टरी नहीं है।

[श्री चन्द्र पाल शैलानी]

अक्सर अखबारों में पढ़ने को मिलता है और सुनने में आता है कि पोस्ट कार्ड इनलैंड लैटर और लिफाफे डाकखाने में नहीं मिलते हैं। यह जनता की अत्यन्त आवश्यकता की वस्तु है। मेरा माननीय मंत्री जी से बड़े विनम्र शब्दों में निवेदन है कि वे कम से कम इस बात का पता लगायें कि इस तरह की कमी क्यों होती है। इस प्रकार की समस्या का दूर करने के लिए तुरन्त उपाय क्यों नहीं किए जाते हैं। यदि पोस्ट कार्ड, इनलैंड लैटर और लिफाफे आम जनता को नहीं मिलेंगे तो इससे उनको बड़ी परेशानी होगी। इस से खामख्वाह सरकार की आलोचना होती है।

देहातों में कई स्थानों पर डाकखाने नहीं होते हैं। वहां किसी व्यक्ति को उसकी दुकान पर कमीशन के बेस पर लिफ़ाफ़े, टिकट बेचने के लिए दे दिए जाते हैं होता यह है कि जब कोई व्यक्ति लिफाफा मांगने जाता है, तो लाला जी कभी दाल तोल रहे होते हैं, कभी तेल तोल रहे होते हैं, तो कभी आटा तोल रहे होते हैं, इस प्रकार वहां बड़ी परेशानी होती है। मनीआर्डर भी कभी आता है, तो वह भी उपयुक्त समय पर लोगों का नहीं मिल पाता है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि यदि वहां आप विभागीय कर्मचारी को रखेंगे, तो वहां सुविधा होगी। एक तरफ जहां आपका विभाग सक्षम होगा, दूसरी तरफ लोगों को रोज़गार भी मिलेगा। अभी भी हमारे देश में अधिक से अधिक डाक घर खोलने की आवश्यकता है। दूर-दराज के इलाकों में, पहाड़ी क्षेत्रों में, डाकखानों की संख्या बढ़ाई जाए और डाक तार व्यवस्था में सुधार लाया जाए।

श्रीमन्, आप ने यह देखा होगा और ऐसे समाचार भी आप ने पढ़े होंगे और संसद में भी यह सवाल उठता रहा है कि जाली नोट छापे जाते हैं, जाली सिक्के ढाले जाते हैं और नकली दवाइयां बनाई जाती हैं लेकिन अब यह सुनने में आया है और देखने में भी आया है कि पिछले दिनों काफ़ी ऐसे डाक टिकट, लिफाफ़े और पोस्ट कार्ड छापे गये, जो कि नकली थे। इस कार्य को सरकार को रोकना चाहिए और गंभीरता से इस बात को लेना चाहिए और जो लोग इस में दोषी पाए जाएं, उनको देशद्रोही करार देना चाहिए और देश-द्रोहिता का मुकदमा उन पर कायम करना चाहिए। यह बहुत ही गलत काम है और इससे देश के राजस्व का बहुत नुकसान पहुंचता है। सरकार को इस को सख्ती से रोकना चाहिए।

एक बात और कहना चाहता हूं। अब तक ऐसी व्यवस्था रही है कि तार देने की व्यवस्था अंग्रेजी और देवनागरी भाषा में है। मेरा आप से निवेदन है कि हमारा देश बहु-भाषी देश है, जहां पर बहुत सी भाषाएं बोली जाती हैं। इसलिए तार देने की व्यवस्था अंग्रेज़ी और देवनागरी भाषाओं के साथ साथ जो राज्यों की क्षेत्रीय भाषाएं हैं, उन में भी शुरू की जाए, तो ज्यादा अच्छा होगा।

यह वैसे तो बहुत पुरानी बात है और अब यह कुछ कम सी हो गई है लेकिन पोस्ट बम और पार्सल बम की समस्या भी हमारे सामने आई है और यह बताया गया है कि इस के पीछे सी० आई० ए० का हाथ है और बहुत से अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह इस में काम कर रहे हैं इन की छानबीन कर के इस तरह की बातों को रोका जाए।

ऐसे भी समाचार पढ़ने में आते हैं कि 36 मील का रास्ता एक पोस्टकार्ड ने 5 साल में तय किया और 150 मील का रास्ता एक पोस्टकार्ड 15 साल से ज्यादा में तय करता है। इस सम्बन्ध में मेरा

आप से निवेदन है कि इस में कहां पर कमी है और किस की इस में ग़लती है, इस की जानकारी करनी चाहिए और किसी सही एजेन्सी से इस की जानकारी करानी चाहिए ।

डाक-तार कर्मचारियों की बहुत सी समस्याएं हो सकती हैं और हैं । मेरा कहना यह है कि उन को अधिक से अधिक मुस्तैद बनाने के लिए और कार्यशील बनाने के लिए उन की समस्याओं का अध्ययन कर के उन का समाधान करना चाहिए ।

अभी कुछ महिला डाकियों की व्यवस्था की गई है । मेरा आप से निवेदन है कि यह बहुत सफल हुआ है और इस काम में अधिक से अधिक महिलाओं को लगाया जाए । डाक व तार बांटने की व्यवस्था में माननीय मंत्री जी अधिक से अधिक महिलाओं को लगाएं, तो एक अच्छी बात होगी । इस सम्बन्ध में मेरा एक निवेदन और है और वह यह है कि पार्ट-टाइम स्कूल और कालेजों के लड़के-लड़कियों को इस में लगाया जाए । यह देखा गया है कि कहीं पर डाक बांटने का काम दो घंटे में समाप्त हो जाता है । जो सुबह पढ़ने के लिए जाते हैं, उन को शाम को डाक बांटने के काम में लगाया जाए और जो शाम को पढ़ने के लिए जाते हैं, उन को सुबह इस काम में लगाया जाए । इस से उन को पार्ट-टाइम जोब मिल जाएगा और कुछ पैसों की आमदनी भी हो जाएगी ।

डाक, तार और पत्रों की जो दरों में बढ़ोतरी की गई है, उस सम्बन्ध में बहुत से साथियों ने कहा है । मेरा सरकार से बहुत विनम्र शब्दों में यह निवेदन है कि इस पर पुनर्विचार किया जाए क्योंकि ग़रीब और समाज के कमज़ोर वर्ग के लोग लिफाफों और दूसरी डाक से अपना काम निकालते हैं । इसलिए इन की दरों में पुनर्विचार कर के कमी की जाए या फिर पुरानी दरें इन की रखी जाएं ।

मैंने जो सुझाव दिये हैं मुझे आशा है मंत्री जी उन पर गंभीरता से विचार करेंगे और आपने जो मुझे बोलने का समय दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं और इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

**श्री विजय कुमार यादव** (नालन्दा): सभापति महोदय, यह बहुत खुशी की बात है कि इस साल के बजट अधिवेशन में इस मंत्रालय की डिमांड्स पर बहस करने का मौका हमको मिला है । यह और भी खुशी की बात होती अगर इस मंत्रालय के महत्व का देखते हुए, इसका एक अलग बजट रेलवे की तरह पेश होता और जो गड़बड़ियां हैं, उन पर व्यापक तरीके से हमारे माननीय सदस्यों को वहस करने का और सरकार को अपनी राय देने का ज्यादा समय मिलता और इस तरह से उस में सुधार लाने की दिशा में एक बहुत ही सकारात्मक कदम होता । मैं यह मांग करना चाहता हूं केन्द्रीय सरकार की कैबिनट से कि यह एक बहुत दिनों से लम्बी मांग है । कई बार यह सवाल उठाया गया है कि इस का एक इण्डिपेण्डेंट बजट पार्लियामेंट में पेश किया जाए और मैं चाहूंगा कि इस पर कैबिनट विचार करे । और भविष्य में इस तरह का निर्णय ले जिस से कि इसका अलग से बजट पेश हो ।

अभी हमारे देश के अन्दर इस विभाग में जो गड़बड़ियां हैं, उसकी बहुत चर्चा की गई । मैं मेल सेंसरशिप को समाप्त करने का सवाल है उस पर ज़ोर देना चाहता हूं । अंग्रेज़ों के ज़माने से यह कानून चला आ रहा है । 1885 में इंडियन टेलीग्राफ एक्ट बना था और 1898 में इंडियन पोस्ट आफिसिज़ एक्ट बना था । उस के मुताबिक हमारी केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों के अफसरों को हमारी डाक को, हमारे टेलीफोन काल्स को पब्लिक सेफ्टी और

[श्री विजय कुमार यादव]

ट्रांक्विलिटी के नाम पर सेंसर करने का अधिकार दिया गया था। मेरी समझ में नहीं आता कि इतना सारा समय गुजर जाने के बाद और देश को आजाद हुए इतने साल हो जाने के बाद भी इस तरह के काले कानून क्यों चल रहे हैं? हमारे संविधान में एक्सप्रेशन की आज़ादी दी गई है। उसे इसके जरिए समाप्त किया जा रहा है। हमारी खतोकिताबत में जो गुप्तता होती है उसकी सुरक्षा को इन कानूनों के जरिए से आघात पहुंचाया जा रहा है। इस पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। अगर मुल्क के अन्दर कोई एक्स्ट्रा आरडिनरी सिचुएशन हो, तो ऐसे मौके पर यह बात की जा सकती है और उस मौके पर यह बात समझ में आ सकती है। लेकिन आम तौर पर इसे एक नियम बना दिया गया है और इस नियम का इस्तेमाल खास तौर पर विरोधी पार्टियों के खिलाफ किया जाता है मैं समझता हूं कि हमारे देश के इस डेमोक्रेटिक सेट अप में इस तरह के काले कानूनों को वापस लिया जाना चाहिए, इस तरह की सेंसरशिप को समाप्त किया जाना चाहिए।

सरकार ने डाक दरों एवं चिट्ठियों के दाम में वृद्धि की है इसे वापस लेना चाहिए।

टेलीफोन के बारे में भी चर्चा की गई। जाहिर बात है कि देश का विकास हो रहा है और डाक सेवा का भी विस्तार हो रहा है। इस से कोई इंकार नहीं कर सकता है। टेलीफोन कनेक्शंस का भी विस्तार हुआ है, इस से भी कोई इंकार नहीं कर सकता। लेकिन पिछले सालों में टेलीफोन के बारे में शिकायतों में भी वृद्धि होती रही है? हमारे मंत्री जी आंकड़ों के बहुत माहिर हैं और मेरा अपना ख्याल है कि वे इन आंकड़ों से अपने को संतुष्ट कर लेते हैं। वे अब भी आंकड़ों का जाल बिछा कर हमें संतुष्ट करना चाहेंगे। लेकिन केवल आंकड़ों से आम लोगों और आम जनता की शिकायतें दूर नहीं हो सकतीं पिछली बार जब इस पर चर्चा हुई थी तो हमने आप के सामने इन शिकायतों को रखा था। इस सिलसिले में जब आप गंभीरता से विचार नहीं करेंगे तब तक निश्चित तौर पर इस में सुधार नहीं हो सकता है।

जहां तक टेलीफोन की बात है, इसके बारे में बहुत सी शिकायतें हैं। चाहे वह लोकल काल के गलत मिलने की बात हो, चाहे ट्रंक काल के देर से मिलने की बात हो, चाहे एस० टी० डी० नहीं मिलने की बात हो, चाहे रांग बिलिंग की बात हो, चाहे मेल के समय पर न मिलने की बात हो इन सब के बारे में आज जरूरत इस बात की है कि बड़े-बड़े शहरों में तथा आपके जो सर्किल या जिला आफिस हैं उनमें एडवायजरी कमेटी होनी चाहिए। मैंने इस विभाग की कंसलटेटिव कमेटी की बैठक में कहा था कि पटना टेलीफोन डिस्ट्रिक्ट में एडवायजरी कमेटी होनी चाहिए। आपने इसके बारे में कहा था कि हम विचार कर रहे हैं। इसके लिए आपके पास नाम भी आये हैं और डिपार्टमेंट इन पर विचार कर रहा है, यह भी आपने कहा था। यह 1980 की बात है लेकिन आज तक वह एडवाइजरी कमेटी नहीं बनी है। इस तरह की अगर आपकी सलाहकार समितियां बन जाती हैं तो उनमें आपके विभाग की शिकायतों पर विचार करने का मौका मिलता है, आपके विभाग को सहयोग करने का मौका मिलता है और जो उसमें फाल्ट्स हैं उनको दूर करने का मौका मिलता है। इस में कोई औचित्य नहीं है कि दो-दो साल से पेंडिंग समितियों का निर्माण भी अब तक नहीं किया गया है। आप जवाब दे

देते हैं कि हम कर रहे हैं। क्या नहीं कमेटी बनी है, कहां पर यह कार्य पेंडिंग है, क्यों नहीं ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाती जो खामख्वाह विभाग को बदनाम करते हैं जब तक इस तरह के कदम नहीं उठाएंगे, तब तक विभाग में सुधार नहीं होगा। पूरे देश में आपका नाम है और इस मिनिस्ट्री में आने से उम्मीद की जाती थी कि इसमें कुछ सुधार होगा, लेकिन जैसे-जैसे समय गुजरता जा रहा है, आपकी बदनामी हो रही है— आपके विभाग की बदनामी हो रही है, खुद आपकी प्रतिष्ठा पर असर पड़ रहा है। मैं समझता हूं कि विभाग में सुधार लाने की आवश्यकता है।

सेवाओं में गड़बड़ी है, जिसकी चर्चा लोगों ने की। आप सेवाओं में सुधार लाना चाहते हैं अफसरों की तादाद बढ़ा कर, लेकिन कर्मचारियों की क्या स्थिति है। ई० डी० ए० की चर्चा लोगों ने की, उनको रेगुलाराइज नहीं कर रहे हैं, वेतन कम देते हैं। दो प्रमोशन की बात की जाती है, लगातार पालियामेंट में भी यह सवाल उठ रहा है, लेकिन आप इसको मानने से इन्कार कर रहे हैं। बोनस, जिसको बड़ी मुश्किल से लोगों ने हासिल किया था— 8.33 प्रतिशत, आपने उसको खत्म कर दिया, उत्पादकता की शर्त लगा दी। आप इस शर्त को क्यों नहीं समाप्त करते और 8.33 प्रतिशत की दर को क्यों नहीं मानते ?

ओवर-टाइम का सवाल है। आपने ओवर-टाइम बन्द कर दिया। क्वार्टर की समस्या उनके सामने है, प्रमोशन में उनकी उपेक्षा की जाती है, सीनियरिटी की उपेक्षा की जाती है, ट्रांस्फर्स में गड़बड़ी है—ये तमाम बातें हैं। जो डिपार्टमेंट का बड़ा अंग मजदूर और कर्मचारी हैं, जिनके जरिए विभाग में सुधार लाया जा सकता है, उनके साथ एक तरह से होस्टाइल एटीट्यूड रख रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे आप उनको सबक सिखाना चाहते हैं। पता नहीं क्या आपकी दुश्मनी उनसे है। वे आपके कर्मचारी हैं, उनका सहयोग लेकर, उनकी स्थिति में सुधार लाकर आप डिपार्टमेंट की स्थिति में सुधार ला सकते हैं, लेकिन आपका ध्यान तो अफसरों की तरफ है, उनकी तादाद बढ़ा रहे हैं और कर्मचारियों पर वर्क लोड बढ़ रहा है। जब तक इन चीजों में सुधार नहीं लाया जाएगा, तब तक जिस तरह से इस विभाग से देश अपेक्षा करता है, वह संभव नहीं हो सकेगा।

सभापति जी, मैं कुछ अपने इलाके खासतौर पर बिहार की बात करना चाहता हूं। पहले भी कंसलटेटिव कमेटी में मैंने मंत्री जी से कहा है कि बिहार राज्य की घोर उपेक्षा आपकी ओर से हो रही है। पासवान जी ने कुछ आंकड़ों की चर्चा की है, मैं आंकड़ों का दोहराना नहीं चाहता, लेकिन कम से कम कुछ बातों को सिद्धांत रूप में माना जाना चाहिए। जो जिला हैड-क्वार्टर हैं वहां पर आपको आटामेटिक टेलीफोन एक्सचेंज की व्यवस्था करनी चाहिए। मेरी कांस्टीट्वेंसी नालंदा जिला जिसका मुख्यालय बिहार-शरीफ है, बार-बार मांग करने के बावजूद वहां पर आटोमेटिक टेलीफोन एक्सचेंज की व्यवस्था नहीं हो सकी है। बिहार शरीफ मुख्यालय के लिए 210 लाइन एक्सटेंशन का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन पटना में डायरेक्टर के यहां कई महीनों से पेंडिंग है। बिहार शरीफ स्व-चालित टेली-फोन केन्द्र के लिए भवन-निर्माण की बात की गई है जब तक अपना भवन नहीं होता तब तक आटोमेटिक एक्सचेंज नहीं होगा। काफी दिन हुए जमीन खरीदी गई थी, बाउंड्री वाल बनी है, कंसलटे-टिव कमेटी में कहा जाता है कि काम प्रोग्रेस में है, लेकिन काम नहीं हो रहा है। इसलिए

[श्री विजय कुमार यादव]

मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि नालन्दा जिला हैड क्वार्टर में आटामेटिक एक्सचेंज की व्यवस्था की जाए। एकदम तो यह काम नहीं हो सकता, आपने 1985 तक का समय तय किया है, मैं समझता हूं कि इस कार्य को और भी पहले किया जाना चाहिए।

पोस्ट-आफिस खोलने के लिए जो शर्तें हैं, उनमें ढील देने की ज़रूरत है। जो शर्त 3000 की आबादी की है, पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों को छोड़कर, मैं समझता हूं कि उसको 2000 कीजिए और 2000 में भी क्लस्टर आफ विलेजेज़ लीजिए जो कम से कम एक किलोमीटर के दायरे के अन्दर हो। क्योंकि बहुत सारे गांव ऐसे हैं जो बिल्कुल सटे हुए हैं और उनकी आबादी 4–4 और 5–5 हजार हो चुकी है, लेकिन फिर भी वहां पोस्ट-आफिस नहीं है। पहले जो नियम था उस नियम के मुताबिक बहुत सी ऐसी जगहें जो छोटी जगहें थीं छोटे गांव थे वहां भी आपके पोस्ट आफिस खुल गए। लेकिन उसके बाद जो नियम में आपने सख्ती की है इससे लोगों का नुक्सान हो रहा है। इस ओर आपका ध्यान जाना चाहिए।

विहार शरीफ में डबल डाक डिलिवरी की चर्चा मैंने की थी और आपने इस के बारे में 1980 में वादा भी किया था। वह मैं आपको पढ़ कर सुना देता हूं। वह आज तक पूरा नहीं हुआ है। कनसलटेटिव कमेटी की मीटिंग जो 6–8–80 को हुई थी उसमें आपने कहा था :—

"He is, however, considering conveyance of mail through private transpoters and has invited tenders for the purpose."

यह कहा गया था कि ट्रांस्पोर्ट की कमी हो हो रही है, दिक्कत हो रही है जिसकी वजह से डबल डिलिवरी नहीं है। आपने 1980 में टैंडर इनवाइट किए थे। आज 1982 है। पता नहीं उन टैंडरों का क्या हुआ है। लोक गाड़ियां देने के लिए तैयार हैं, जो कुछ चाहिए आपको मिल सकता है, प्राइवेट बसिस मिल सकती हैं, सरकारी बसिस मिल सकती है। डबल डिलीवरी की व्यवस्था आप वहां करें।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ समाप्त करता हूं और आशा करता हूं कि जो गड़बड़ियां हैं उनको दूर करने में आप सक्रिय कदम उठायेंगे।

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: (Nizamabad): Mr. Chairman, Sir, we can accuse Mr. Stephen of anything but not his attitude towards labour. He cannot be anti-labour. Throughout his life, he has been helping the labour and he has been a labour leader. After rising to the national level, he has to broaden his perspective and he has to look after the interests of all sections of the country. Only that much we can say. But to say that he is anti labour is absolutly wrong.

After assuming the charge of this Ministry, he is expanding ....

MR. CHAIRMAN: You mean, the Department is expanding.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: That is right. Naturally some defects will come in and, as and when we bring those defects to the notice of the officers concerned for rectification, all these defects are immediately and promptly attended to. I have written several letters to Mr. Vijay N. Patil Mr. Makwana, the former late Minister, Mr. Rartik Oraon and also Mr. Stephen that in the rural areas the telephones are not working properly. There are so many difficulties. Sometimes, the cow boys who are moving around there cut the lines and something happens. In the far off places

when we instal telephones, these practical difficulties are there. I request the hon. Minister that more attention should be paid to the telephones that are installed in villages. After all, India exists in villages. As such, more attention should be given to villages.

The O. Y. T. system is very good. The rich people must pay even if it is 8000 or, if necessary the amount may be increased. But under the O.Y.T. system, let the telephones be given in one year. There should not be a big time-lag. Even that also is taking more than 1½ to 2 years. Therefore, I request the hon. Minister to see that under the O.Y.T. system, the telephone should be provided within a year or so.

As regards telegrams, when I was in Andaman and Nicobar Islands, I had sent three telegrams to my constituency. My colleagues told me, "Mr. Reddy you are wasting money. They do not reach." But I came here, next day, those telegrams reached my constituency Nizamabad. To say that telegrams are going after 4 or 5 days is not correct. Whenever I send telegrams from Delhi to my constituency, not only my telegrams are reaching there but I am also getting replies on time. Whenever I send a telegram, I never write 'M.P. because I have to pay extra money. Even then, the telegram is reaching there in time.

AN HON. MEMBER: What about commoners?

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: That is what I am saying. I never mention 'M.P.' You can verify from the Telegraph office. Still my telegrams reach my constituency in time.

**16.35 hrs.**

[SHRI SOMNATH CHATTERJEE *in the Chair*].

Shri Ram Vilas Paswan is not present here. Shri Paswan said that Hindi is not properly being implemented as required by the Official Language Act. As a matter of fact, full use of the Hindi language is not being made in Defence Services. Next comes the Ministry of Communication.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: Who says? What you say is not correct. You are behind the Railway. I am also in that Committee to which you belong.

MR. CHAIRMAN: Do not get diverted, Mr. Reddy.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: The use of Hindi in the Ministry of Communications is up to the mark and it is as per the Act.

Simply because we are sitting in Parliament, we s hould not go on condemning each and everything. Let us think that it is our duty to go on criticising everything. Not only the Opposition is indulging in critism but unfortunatly it has become a contagion to some of the Members this side also. They perhaps presume that by indulging in criticism of the Government, they would get more press publicity:

SHRI KRISHAN CHANDRA HALDER: What you are saying is not true.

MR. CHAIRMAN: You wanted only five minutes.

SHRI RAM GOFAL REDDY: All right.

One Member said that there is censorship of the letters. I protest against that statement. After all, we are Members of Parliament. What do we write? You belong to communist Party. May be. But you cannot say that your letters are opened. I never said such things. Why do you unnecessarily level such charges?

There are some Scheduled Caste Associations which they are representing whether they are recognised or

[Shri Ram Gopal Reddy]

not. They should get top priority. They should not be dealt with like other trade unions. When once we decide to help that Community, we should not allow patty wrangles to come and stand in the way. The Scheduled Caste people should be helped.

All the posts reserved for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes must be filled by candidates belonging to that Communities only.

I request the Hon. Minister to see that accommodation is provided to all the existing Post Offices in the country. Even if it costs a little more, it does not matter. Ways and means of collecting money can be found. Recently, some fares and taxes have been increased. Money can be got by such means. We do not grudge it. For the purpose of providing accommodation let a few more crores of rupees be collected. If there is no accommodation for the Post Office in the villages, how are they going to manage?

**श्री बनवारी लाल बेरवा** (टोंक) : सभापति जी मैं संचार मंत्रालय की मांगों का का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इसका महत्व इस तरीके से मानिये जैसे शरीर के अन्दर नसों और नाड़ियों का महत्व है, उसी तरीके से देश के लिये संचार व्यवस्था का महत्व है। इन दिनों इस मंत्रालय का भार माननीय स्टीफन के कंधों पर और श्री मकवाना तथा श्री पाटिल साहब पर है। मैं मान-कर चलता हूं कि यह सभी लोग काफ़ी ऐनर्जेटिक, डाइनेमिक और काफ़ी सुदृढ़ तरीके से चलने वाले हैं और इनके नेतृत्व में काफ़ी अच्छे क्षेत्र के अन्दर विकास और प्रगति हुई है। मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता, केवल अपनी कांस्टीट्यूऐंसी तक अपने को सीमित रखना चाहता हूं।

सभापति जी, मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे जिले टोंक में जो मेरी कांस्टीट्पुऐंसी है उसके अन्दर पोस्ट आफ़िस की और टेलीफ़ोन का कोई एक भी अपना निजी मकान नहीं है। कोई एक भी निजी आफ़िस उनका नहीं है। पिछले साल पोस्ट आफ़िस के लिए बिल्डिग बनाने का तय हुआ और उसका काम चल रहा है, लेकिन उसके अन्दर भी एक गड़बड़ यह हो गई है कि वह भी शहर से करीब एक मील दूर होगा जो कि शहर का आखिरी मकान होगा। वहाँ पर उसका निर्माण हो रहा है। उसका कितना उपयोग शहर वाले कर पायेंगे, यह तो शायद भविष्य में ही बताया जा सकेगा।

80 हजार की आबादी के अन्दर कोई दूसरा पोस्ट आफ़िस ऐसा नहीं है जो कि अपनी निजी बिल्डिग में हो। हमने तो पिछले 30, 35 साल में सिर्फ़ इतना ही अन्तर देखा है कि जो टेली-फ़ोन के लिये कमरा तय था 35 साल पहले, आज भी उसकी जगह सिर्फ़ दो कमरे किराये पर हैं, बाकी कोई परिवर्तन नहीं हुआ है उसी तरह से पोस्ट आफ़िस के लिए भी जो कमरा तय था, किराये पर था, आज मकान मालिक को 10,15 साल चिल्लाते हुए हो गये हैं कि हमारा मकान खाली किया जाय, अपना मकान बनाइये, लेकिन न तो महकमा उसकी बात सुन रहा है न कोई अफ़सर सुन रहा है। वह लोग बराबर चिल्लाये जा रहे हैं।

हमारे कैलक्टर के बराबर जो पोस्ट आफ़िस है, उसके बारे में निवेदन है कि उसके नीचे से बरसात के दिनों में पानी फ़ूट-फ़ूट कर आता है। मकान मालिक यह कहता है कि भाई निकल जाइये, कहीं ऐसा न हो कि मैं इसकी मरम्मत

भी न करा सकूं और यह तहस-नहस हो जाये ।

यह ठीक है कि आप अरबों रुपया पूरे देश में खर्च कर रहे हैं, देश को विकास की तरफ़ ले जा रहे हैं, टेलीफ़ोन लगा रहे हैं, पी० सी० ओ० खोल रहे हैं, लेकिन ऐसी बिल्डिगों को तरफ़ भी ध्यान दीजिये जो कि इतनी अस्त-व्यस्त खस्ता हालत में हैं । अगर यह कहीं गिर जायेंगी तो बहुत नुक्सान होगा और हम लोगों की बहुत जवाबदेही इसमें होगी ।

मैं अपने इलाके के टेलीफ़न ऐक्सचेंज की तरफ़ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । यह एक ऐसी पुरानी बिल्डिग में है, जो कि तालाब के किनारे है और उसमें बरसात के दिनों में टेलीफ़ोन आपरेटर भी बैठते हुए घबराते हैं, उसमें सांप, बिच्छु, केंचुए आ जाते हैं । वहां ऐसे ऐसे खतरनाक जानवर, कीड़े आ जाते हैं, लेकिन उसकी तरफ़ बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जाता है, उसके लिए कोई बिल्डिग नहीं बनाई है । मैं 5, 7 सांल से बराबर इस बात को कह रहा हूं, इस प्रयत्न में हूं कि आप कोई जमीन लीजिए और अपनी बिल्डिग बनाइये । अब ऐसी चर्चा चली है कि बिल्डिग के लिए जमीन म्युनिसपैलिटी से ली गई है । ऐसी स्थिति में मेरा निवेदन है कि उस बिल्डिग को टाप-प्रायर्टी बेसीस पर बनाया जाये । जहां वह जमीन ली है वह भी उतनी ही दूर है कि उसमें काम करने वाले आपरेटर 2,3 मील दूर रहते हैं । जिस तरह की आज व्यवस्था है, उसमें बड़ा मुश्किल होता है सब को बुलाकर एक जगह बैठाना ।

ऐसी स्थिति भी आती है कि हम लोगों को भी तंग आकर टेलीफ़ोन एक्स-चेंज में जाना पड़ता है कि वजह क्या है जो हमारा टेलीफ़ोन अटेंड नहीं हो रहा है, है, मिल नहीं रहा है, मिलाते कहीं हैं और मिलता कहीं है । मैंने वहाँ देखा कि तीन बोर्डों पर एक टेलीफ़ोन आपरेटर बैठा है, उसने बतलाया कि देख लीजिये मैं एक आदमी हूं, किस तरह से 3 बोर्डों को संभालूं ? स्थिति यह है कि उनका ओवर टाइम बन्द कर दिया, नई रिक्रूटमेंट आप नहीं कर रहे हैं, जिसकी वजह से उन लोगों को भी परे-शानी है और हमको भी परेशानी है, कम्ज्युमर्स और सब्सक्राइबर्स, सबको परे-शानी होती है । कुछ थोड़ा पैसा बचाकर अगर हम पूरे लोगों को दिक्कत में लाकर खड़ा कर दें तो यह बहुत अच्छी बात नहीं होगी ।

मैं समझता हूं कि हमारे माननीय मंत्री जी बहुत ही एफ़ीशियेंट हैं और सक्षम हैं वह इन तमाम कमियों को दूर कर सकते हैं, यहां के हालात को सुधार की तरफ़ ला सकते हैं ।

अपने इलाके की कुछ समस्याएं मैं आपके सामने रखना चाहता हूं । हमारे टोंक जिले के अलावा हमारे क्षेत्र में दूर-दूर फ़ुलैरा जयपुर की तहसील हैं । मुझे जानकारी हुई है कि सामर के अन्दर जयपुर से डायरेक्ट डायलिंग किया जा रहा है । जयपुर और सामर के बीच में फ़ुलैरा और दूदू, दोंनों बड़ी भारी तहसील हैं, उन दोनों की 15,15 हजार की आबादी है । फ़ुलैरा एक रेलवे जंक्शन है, औद्योगिक क्षेत्र भी है । यद्यपि वहां पर बड़ी तादाद में बिजिनेस क्लास के लोग रहते हैं, तेलेकिन वहां पर एक्सचेंज नहीं है । दूदू में भी एक्सचेंज नहीं है । मेरा निवेदन है कि जहां एक्सचेंज नहीं है, वहां एक्सचेंज खुलवाने की कोशिश करनी चाहिए, ताकि लोगों को सुविधा मिले ।

[श्री बनवारी लाल बैरवा]

टोंक जिले में अलीगढ़ तहसील है। टोंक से अलीगढ़ का फ़ासला 50 किलोमीटर का है। अगर टोंक से टेलीफ़ोन करें, तो पहले निवाई मिलाना पड़ता है, निवाई से सवाई माधोपुर और सवाई माधोपुर से अलीगढ़ मिलाना पड़ता है। यह कुल 125 किलोमीटर का फासला हो जाता है, जबकि टोंक से बनैठा और ककोड़ तक सीधी लाइन चली गई है। वहां पर 25 किलोमीटर की बात और है। अगर उसको मिला दिया जाय, तो टोंक और अलीगढ़ का सीधा सम्पर्क हो जाएगा। आज तो स्थिति यह है कि हम सुबह बैठते हैं और शाम हो जाती है, लेकिन अलीगढ़ और उनियार के लिए लाइन नहीं मिलती है।

दिल्ली में भी परेशानी यह है कि सुबह से शाम तक कोशिश करने पर भी टोंक नहीं मिलता है। यहां से जयपुर और जयपुर से टोंक मिलाना पड़ता है। आम तौर पर कहा जाता है कि लाइन आउट आफ आर्डर है। जयपुर से टोंक 60 मील का फासला है। अगर इतने बड़े महकमे से यह लाइन भी ठीक नहीं हो सकती, तो यह खेद की बात है। वहां नौ डिले लाइन भी खराब मिलती है और रेगुलर लाइन भी खराब मिलती है। 3 मार्च को हमने सुबह मिलाया और रात के 10 बजे तक बैठे रहे। कहा गया कि नो डिले लाइन और रेगुलर लाइन दोनों खराब हैं। अगर जरा सी हवा चलने पर भी लाइन खराब हो जाती है, तो यह एक आश्चर्यजनक स्थिति है। इतने मुज़बूत मंत्री हैं और कितने कमजोर तरीके से काम चल रहा है।

मेरा निवेदन है कि हमारी इन दिक्कतों को साल्व किया जाए। जो किराए के मकान लिए हुए हैं, उन्हें खाली करके नए मकान बनवाए जाने चाहिए, जिससे वहां पर एक नया वातावरण बने। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जब आपरेटर को यह डर लगा रहे कि कोई कीड़ा, सांप या बिच्छू न आ जाए, तो क्या वह ढंग से काम कर सकेगा। इस लिए एक्सचेंजों और पोस्ट आफिसों की बिल्डिंगें जल्दी से जल्दी बनाई जाएं।

टोंक शहर काफी लम्बा है। वहां पर सिर्फ दो सब पोस्ट आफिस हैं। वे काफी नहीं हैं। वहां पर और सब पोस्ट आफिस खोलने चाहिए। हमारे इलाके में जिन कस्बों की आबादी दो तीन हजार की है, वहां पर पी० सी० ओ० खोलने चाहिए और उनकी सर्विसिज को एफिशेंट, सक्षम, बनाया जाना चाहिए।

मैं केवल यही कहना चाहता हूं कि भले ही इस विभाग पर पंच-वर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत अरबों रुपए खर्च किए गए हों, लेकिन अगर हमारे हिस्से में कुछ नहीं आया, तो हमको कहना पड़ेगा कि हमारी तरफ तवज्जुह नहीं दी जा जा रही है। जयपुर हमारे राज्य का केन्द्र है। वह हमारे पड़ोस में होने की वजह से शायद हम लोगों को नेग्लेक्ट किया जा रहा है। हम लोग मजबूर होकर यह कहने पर आमादा हो जाते हैं कि शायद मंत्री महोदय की निगाह हम पर नहीं गई है, वर्ना यह स्थिति न होती। हमारा एक छोटा सा जिला है। उसे और तरीकों से भी नेग्लेक्ट किया जाता है। कम से कम मंत्री महोदय तो उसे नेग्लेक्ट न करें और हमारे यहां तमाम सर्विसिज को सक्षम बनाएं।

इन शब्दों के साथ मैं संचार मंत्रालय की डिमांडज का समर्थन करता हूं।

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: I immediately resumed when you rang the bell. I want to say Nizamabad is

the best income-giving area. The telephone exchange there which is now manually operated should be converted into an automatic telephone exchange. It will give more income to the Department.

**श्रीमती प्रमिला दंडवते** (बम्बई उत्तर मध्य) : उपाध्यक्ष महोदय, आज बहुत दिनों के बाद हमारे मिनिस्टर साहब दिखाई दे रहे हैं । इसलिए पहले मैं उनका स्वागत करती हूं, लेकिन टेलीफोन और पोस्टेज के बारे में उन्होंने जो बजट के पहले ही कदम उठाए यह इस सरकार की नीति किस प्रकार से चल रही है, किस प्रकार से उसकी पहल है, यह 100 करोड़ रुपए का बोझ बजट पेश करने के पहले लगाकर उन्होंने जाहिर कर दिया और यह गलत तरीका उनके हाथ से इस सरकार ने अपनाया ।

उन्होंने टेलीफोन के रेंटल चार्जेज बढ़ाए हैं और उनका यह कहना है कि हर महीने में जो सौ टेलीफोल उन्होंने मुफ्त किए हैं । इसका मतलब है कि 50 रुपए ही उन्होंने हर महीने का चार्ज लगाया । इस साल उन्होंने 1200 रुपए सालाना चार्जेज लगाए हैं जो 800 रुपए से 1200 हो गए । यह बहुत ज्यादा हो गया । अगर सिर्फ 50 रुपए ही देना पड़ता तो लोग बड़ी खुशी से दे देते । उन्होंने रेंट जार्ज बढ़ाया लेकिन उन्होंने टेलीफोन चार्ज नहीं बढ़ाया यह बात सही है, लेकिन अभी जो टेलीफोन कंज्यूमर है, उसकी शिकायत है । मुझे लगता है कि जगह-जगह से यह शिकायत आई है । पिछले साल उन्होंने जवाब दिया था कि अगर आप शिकायत करते हैं तो यू सरेंडर योर टेलीफोन ।

**श्री एम० राम गोपाल रेड्डी** : वह तो हंसी मजाक में बोले थे ।

**श्रीमती प्रमिला दंडवते** : नहीं-नहीं, वह हंसी मजाक में नहीं बोले, उसका असर पूरे टेलीफोन इंडस्ट्री के कर्मचारियों पर पड़ गया है । उनका भी कहना है कि अगर टेलीफोन चलता नही है तो छोड़ दीजिए, मिनिस्टर ने भी यही कहा है । अगर मिनिस्टर कहते हैं कि मैं पूरी तरह से देख लूंगा और शिकायत दूर कैसे हो कैसे एफिसिएंसी हमारे विभाग की बढ़े उसके बारे में कुछ आश्वासन देते तो उसका असर कर्मचारियों पर भी पड़ता । हमारे जैसे लोग कर्मचारियों के पक्ष में हमेशा होते हैं, उनके अधिकार के लिए हम झगड़ते हैं, उनसे बात करते हुए हमें लगता है कि मिनिस्टर की बात को सामने रखते हुए उनको नहीं काम करना चाहिए, क्योंकि आखिर में वे विरोधी दल के ही लोग हैं, क्योंकि हम मैनेजमेंट के अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं । लेकिन मेरा यह कहना है मंत्री महोदय से कि टेलीफोन के बारे में इतनी शिकायते हैं कि जिसकी हद नहीं । आज टेलीफोन एक तो चलते चलते टूट जाते हैं, लगते नहीं हैं, रांग नंबर्स लग जाते हैं, एक-एक टेलीफोन के लिए तीन-चार टेलीफोन करने पड़ते हैं और एक-एक टेलीफोन का पैसा कितना होता है, इसके बारे में आप ही हिसाब लगवा लीजिए । इसलिए टेलीफोन के बिल बढ़ते जाते हैं ।

दूसरी मेरी प्रार्थना है कि हर टेलीफोन के के लिए आपको कुछ एक मीटरिंग करना चाहिए, क्योंकि बहुत लोगों को इसके बारे में शिकायत है । जिनके पास एस०टी०डी० है वह आपके कर्मचारियों के जरिए बहुत गलत तरीके से उसका इस्तेमाल करते हैं बांदरा में मुझे पता है कि क टेलीफोन का एस टी डी दूसरे के टेलीफोन पर लगा देते हैं । एक आदमी एस टी०डी० लगाता है और दूसरे का टेलीफोन बिल बढ़ जाता है, उसके बारे में आपको कुछ न कुछ करना चाहिए । मुझे पता

[श्रीमती प्रमिला दंडवते]

है दिल्ली में एक होटल में या सिनेमा क्षेत्र में एक मीटर लगाया गया था । मीटर बना हुआ है । अगर आप बना सकते हैं, आई० टी० आई० के जरिए या और किसी जरिए तो यह बहुत अच्छा होगा । अगर आप मीटरिंग कर देते हैं तो कंज्यूमर को पता चलेगा कि उन्होंने जितना टेलीफोन किया है उतना ही बिल उनको देना पड़ रहा है । आप कहेंगे कि इलेक्ट्रिसिटी बिल का क्या होता है । बिलकुल सही है कि इलेक्ट्रिसिटी के बारे में भी यह हो सकता है कि वायर किसी के यहां लगाकर जो इस्तेमाल नहीं करता है, उसका बिल बढ़ जाए, लेकिन कम से कम कंज्यूमर को इसके बारे में लगेगा कि जितना हमने टेलीफोन किया उसकी मीटर रीडिंग के मुताबिक बिल देते समय बिल वह दे रहा है और उसमें उसे कोई हिचकिचाहट नहीं होगी । आपके विभाग के लोग बोलते हैं कि "जितना बिल दिया गया है उतना पहले आप दे दीजिए फिर हम देखेंगे कि कितना रिफण्ड करना है" लेकिन 25 परसेंट भी रिफ़ण्ड नहीं होता है और बाकी सारा पैसा उसी के ऊपर पड़ जाता है । पहले जमाने में मुझे याद है कि अगर रांग नंबर मिल जाता था तो फ़ोन करके हम बता सकते थे । इंग्लैण्ड का मेरा अनुभव है कि फ़ोन करके जब मैं बताती थी कि हमारा नंबर रांग हो गया, पब्लिक टेलीफ़ोन पर भी क्वाइन डालकर के ऐसा होता था तो वह कहते थे कि अब आप क्वाइन मत डालिए, हम आपका नंबर कनेक्ट करके देते हैं । लेकिन हमारे यहां ऐसा है कि रांग नंबर मिले या कुछ भी हो उसके बारे में कोई कुछ सुनने वाला नहीं है । कंज्यूमर को उसका पैसा भुगतना पड़ता है । तो मेरी प्रार्थना है कि आपको मीटर लगाने की कोशिश करनी चाहिए ।

दूसरी बात जो पब्लिक अन्डर टेकिंग कमेटी में भी कही गई है, एक कार्ड देने की व्यवस्था कीजिए और जिनके पास ज्यादा ज्यादा शिकायत आती है कि टेलीफोन बंद है तो उसका सिगनेचर लीजिए और जहां जिस एरिए में जिस टेलीफ़ोन की ज्यादा से ज्यादा शिकायत होती है उस एरिया पर आप कंट्रोल कर सकते हैं । आज इसकी कोई व्यवस्था नहीं है । आज दिल्ली और लखनऊ का टेलीफ़ोन बन्द है। अगर कोई बीमार हो जाएगा तो पता नहीं चल सकेगा । इसलिए मेरी आप से एक तो यह प्रार्थना है कि जो रांग नंबर होते हैं उनके सम्बन्ध में पहले जैसी सुविधा और व्यवस्था की जानी चाहिए । ऐसी कोई व्यवस्था होनी चाहिए जिससे कि रांग नम्बर्स के लिए पैसा देने की जरूरत न पड़े इसके साथ-साथ जिनके टेलीफ़ोन ज्यादा दिनों तक बन्द रहते हैं उनके लिए रिबेट की व्यवस्था होनी चाहिए । टेलीफ़ोन के संबंध में ही एक बात और भी कहनी है। माडर्न सिविलाईजेशन के लिए और डेवलपमेन्ट के लिए कम्युनिकेशन की बहुत आवश्यकता होती है। फ़ास्ट डेवलपमेंट करने के लिए आप कम्युनिकेशन के जरिए से जल्दी से जल्दी डिसीजन ले सकते हैं । लेकिन जो रांग नम्बर मिलते हैं या टेलीफ़ोन कनेक्शन टूट जाते हैं, डिस-कनेक्ट हो जाते हैं उससे बिल तो बढ़ता है लेकिन एफ़िशेन्सी भी कम होती है । यह बात केवल प्राइवेट कंज्यूमर के लिए ही नहीं है, गवर्नमेंट के बिल्स भी इसी तरह से बढ़ते होंगे । इस प्रकार से गवर्नमेंट को भी गलत तरीके से खर्चा करना पड़ता है। इसलिए इसको रोकने की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

मंत्री जी को मेरा यह सुझाव है कि जो पहाड़ी प्रदेश हैं, जो कि शहरों से बहुत

ही दूर हैं उनके लिए टेलीफ़ोन की खास व्यवस्था की जानी चाहिए । उदाहरण के लिए मैं बताना चाहूंगी कि रत्नागिरि जिले में जो वैभवपुरी है वहां पर टेलीफ़ोन की कोई व्यवस्था नहीं है । वहां से अगर किसी को कोई आवश्यक सूचना देनी हो तो उसकी कोई व्यवस्था नहीं है । कोल्हा-पुर तक जाने के लिए तो बहुत ही समय चाहिए । इसलिए मेरी प्रार्थना है कि वारिश या बाढ़ की वजह से जो भाग अलग-थलग पड़ जाते हैं वहां पर खास तौर से एक्सचेंज खोलकर टेलीफ़ोन की व्यवस्था की जानी चाहिए ।.

आपने जो पोस्टल चार्जेज बढ़ाए हैं, जो मनी-आर्डर चार्जेज आपने बढ़ा दिए हैं, इस संबंध में मेरा निवेदन है कि भारी तादाद में जो हमारे मायग्रेन्ट लेबर हैं उनके ऊपर आपने एक नया बोझ लाद दिया है । मेरी प्रार्थना है कि आपने जो मनी-आर्डर चार्जेज बढाए हैं उसे समाप्त करना चाहिए । पोस्टकार्ड के चार्जेज तो आपने नहीं बढ़ाए हैं लेकिन एनलैण्ड और एनवैलप के चार्जेज बढ़ाए हैं । मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप इन-लैण्ड का दाम 25 पैसा ही रखिए और ईनवेलप का दाम 50 पैसे के स्थान पर 40 पैसा रखिए । आप एकदम से 15 पैसे मत बढ़ाइये । लोगों को इनलैण्ड की बड़ी आवश्यकता रहती है क्योंकि कुछ ऐसी बातें होती हैं जिनको कार्ड पर नहीं लिखा जा सकता है । इसलिए इनलैण्ड की जो कीमत आप बढ़ाना चाहते हैं वह मत बढ़ाइये—यह मेरी आपसे खास प्रार्थना है ।

स्टैम्प के बारे में मेरी एक शिकायत है । पिछले साल भी मैंने सुझाव रखा था कि सावित्री बाई फुले का स्टैम्प निकालना चाहिए । 150 साल पहले इस महिला ने जो कि एक शिक्षिका थी, स्त्री की मुक्ति के लिए तथा विधवाओं एवं अनाथ बच्चों के लिए बड़ा काम किया था । उनके स्मृति में एक स्टैम्प निका-लना चाहिए था लेकिन आपने नहीं निकाल । किर्लोस्कर के लिए भी मैंने कहा था लेकिन आपने कहा कि कागज नहीं है । संजय गांधी का स्टाम्प तो आपने निकाल दिया लेकिन दूसरे इतने बड़े-बड़े लोग हुए हैं जिन्होंने देश के लिए अपनी जिन्दगी समाप्त करदी, उनके स्टैम्प निकालने की सुविधा आपको नहीं है । अब जो हो गया वह हो गया लेकिन अब इन्टनेशनल वीमेन डिकेड चल रहा है, मेरी आप से प्रार्थना है कि अभी यह डिकेड 1985 तक चलेगा , आप कोशिश करके इन ढ़ाई सालों में, विभिन्न क्षेत्रों में पायनियर वर्क करने वाली जो महि-लायें रही हैं—मेडिसिन के क्षेत्र में, साइन्स के क्षेत्र में , समाज कल्याण के क्षेत्र में—. विभिन्न प्रान्तों में, उनके स्टाप्म्प निकालने की आप व्यवस्था करें तो यह एक अच्छा काम होगा ।

17 hrs.

मैं आप से यह भी कहना चाहती हूं कि सरीन कमेटी की रिपोर्ट पेश हुई है। उसमें बहुत अच्छी बातें वर्कर्स के लिए भी कही गई हैं । पोस्ट एंड टेलीग्राफ़ को स्पलिट करने के लिए कहा गया है । महिलाओं के बारे में भी कहा गया है, जो रात की ड्युटी करती हैं, उनके लिए खास कर सोने के लिए नज़दीक बिल्डिग बनाने के लिए कहा गया है । मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि आपने सरीन रिपोर्ट पर कहां तक कार्यवाही की है ? आपने उनकी रिकमेंडेशन को कहां तक स्वीकार किया गया है, किसको मंजूरी दी है किसको मंजूरी नहीं दी है ? इन सबके बारे में आपको यहां पर बताना चाहिए, ताकि टेलीक्मयूनिकेशन में कुछ सुधार हो सके ।

[श्रीमती प्रमिला दंडवते]

इनसैट तो चला गया, जैसा कि आपने कहा है कि उस का फ़ायदा 1983 में टेलीकाम्यूनिकेशन को होने वाला है। इस बारे में भी आपको बताना चाहिए कि हम कहां तक उस सिस्टम को अच्छी तरह से चला सकते हैं। कहा जाता है कि आउट-मोडिड मशीनरी हमारे पास आती है, जिसकी वजह से हमारा देश हमेशा पीछे रहता है। जिनके साथ हम कम्पीटीशन करना चाहते हैं, उस बारे में भी मिनिस्टर को प्रकाश डालना चाहिए। जो विकासशील देश हैं, उनके मुकाबले में हमारा टेलीकाम्यूनिकेशन सर्विस कहां तक उनके साथ बराबरी में है और कहां तक पीछे है। उनकी बराबरी में जाने के लिए आप कहां तक और किस प्रकार के कदम उठा रहे हैं। यदि इस बारे में आपको मालूमात है, तो आप अपने भाषण में इस बारे में जरूर बताइगा।

मैं आखिर में यह कहना चाहती हूं विकासशील देश के लिए टेलीकाम्यूनिकेशन सर्विस और पोस्टल सर्विस बहुत ही आवश्यक है। आपने पहले ही सौ करोड़ रुपया बढ़ा दिया है और बाद में पोस्टेज चार्जेज बढ़ाने का सुझाव दिया है, इससे मुझे नहीं लगता है कि और घाटा सहने का आपमें शक्ति नहीं है। मेरी आपसे यह थी प्रार्थना है कि बाहर काम करने के लिए लोगों को एक जगह से दूसरी जगह आप भेजते हैं, उनके पत्राचार के लैटर को कीमत आप कम से कम न बढ़ाइए। मनीआर्डर की कीमत न बढ़ाइए। दूर-दूर के इलाकों में टेलीफोन की सुविधा और डाक की सुविधा को बढ़ाइए। हमें उम्मीद है यदि इस प्रकार की व्यवस्था करेंगे, तो आप एक-दो साल और मिनिस्टर रहेंगे। नहीं तो पता ही लगता है कि कौन सा मिनिस्टर कब आ रहा है और कब उसको बदला जा रहा है। इसमें जहां-जहां पर भी करप्ट एलीमेंट है, उनको दूर करने की तरफ आपको ध्यान देना चाहिए। उन पर पाबन्दी लगाने की व्यवस्था करेंगे।

इन शब्दों के साथ उपाध्यक्ष महोदय आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करती हूं।

**श्री रामनाथ दुबे** (बांदा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं संचार मंत्रालय की मांगों समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरे से पूर्ववक्ताओं ने इस मांग के सम्बन्ध में बहुत सी बातें पक्ष और विपक्ष में कही हैं उनको मैं दोहराना नहीं चाहता हूं। हमारे देश में इस मंत्रालय के अन्तर्गत डाक, तार और टेलीफोन—ये तीनों ही महत्वपूर्ण चीजें हैं। ये तीनों ही हमारे देश के लिए आधारभूत वस्तुएं हैं। जैसा कि बहुत से माननीय सदस्यों ने सुझाव रखे हैं इसकी व्यवस्था को और अच्छा करने की ज़रूरत है—मैं उन बातों का समर्थन करता हूं। कमियों को तरफ पहले ही माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया जा चुका है, इसलिए मैं उनको भी दोबारा दोहराना नहीं चाहता हूं। इसके बावजूद भी इसका विस्तार और इसका फैलाव हमारे देश में होता जा रहा है। यह देश के हित में बहुत ही आवश्यक चीज हैं, इसका विस्तार और होना चाहिए। सन् 1976 में माननीय शंकर दयाल शर्मा हमारे संचार मंत्री थे। उन्होंने यह कहा था कि प्रत्येक खण्ड विकास मुख्यालय में टेलीफोन लगाया जाएगा। मैं यह बताना चाहूंगा कि यह लक्ष्य अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। हमारा देश गांवों का देश है। देहातों में विकास खंड मुख्यालय जहां पर भी हैं, वहां टेलीफोन की सुविधा होना इन सब कमियों के बीच भी आवश्यक है और मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इस लक्ष्य की प्राप्त करने के लिए वह पूरा प्रयत्न करें।

हमारे ग्रामीण-क्षेत्रों में कहीं कहीं पर डाकघरों का फ़ासला 10–10 और

15–15 किलोमीटर का है। ऐसी जगहों पर डाकघरों की व्यवस्था किया जाना बहुत जरूरी है और कोशिश इस बात की की जानी चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघरों का फ़ासला कम हो। शहरी क्षेत्रों में तो बहुत से डाकघर हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में भी नज़दीक नज़दीक डाकघर हो सकें, तो उन से वहां के रहने वाले अधिक से अधिक लाभ उठा सकेंगे।

एक बात मैं यह और कहना चाहता हूं कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो डाकखाने खोले जाते हैं, उन में सेविंग्स बैंक की व्यवस्था होनी चाहिए और उस व्यवस्था के अन्तर्गत किसान सैविंग बैंक का खाता अलग से खोलना चाहिए, जिस से किसान भाई सेविंग्स बैंक में अपना रुपया जमा करा सकें और उन का धन सुरक्षित रह सके। इस तरह की सुविधा उन को मिलनी चाहिए।

इस के साथ ही टेलीफोन के बारे में बहुत से साथियों ने बहुत कुछ कहा है। टेलीफोन के बारे में तो मैं यह कहूंगा कि टेलीफोन हमारा नौकर है, जिस को हम 1200 रुपये साल दे कर अपने यहां लगाते हैं। अगर हमारा नौकर अच्छा काम नहीं करता है, तो उस को हम सज़ा देते हैं, उस को हम निकाल सकते हैं, उसे दंडित कर सकते हैं लेकिन अगर टेलीफोन ठीक काम नहीं करता है, तो उस के लिये कुछ नहीं कर सकते। टेलीफोन के बारे में मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि इस की व्यवस्था को और अधिक सुधारने की आवश्यकता है आज की आवश्यकताओं को देखते हुए।

इस के अलावा मैं अपने संसदीय क्षेत्र के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। मैं उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद का प्रतिनिधित्व करता हूं। मेरे क्षेत्र में स्वचालित टेलीफोन एक्सचेन्ज बहुत पहले मंजूर हुआ था लेकिन अभी तक उस का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। इसी तरह से विभागीय तार घर मंजूर हुआ था लेकिन आज तक वह चालू नहीं किया गया है। मैंने अनेकों चिट्ठियां इस के बारे में लिखी हैं लेकिन मुझे यह उत्तर दिया गया कि इस के लिए भवन नहीं मिल रहा है। मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि बांदा नगर में अनेक भवन उपलब्ध हैं, जहां पर विभागीय तार-घर चालू किया जा सकता है। मैंने यह भी अनुरोध किया था कि बांदा जनपद को डाक सेवाओं की दृष्टि से पिछड़ा घोषित किया जाए लेकिन यह मांग भी अभी मंजूर नहीं हुई है। यह कहा गया है कि इसके मापदंड के अनुसार यह उस केटेगरी में नहीं आता है। मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि डाक-सुविधाओं की दृष्टि से इस को पिछड़ा घोषित किया जाए, इस पर विचार किया जाए।

हमारे जनपद से शंकरगढ़ हो कर इलाहाबाद नज़दीक पड़ता है। मानिकपुर से शंकरगढ़ तक पहले टेलीफोन की लाइन मिली हुई थी लेकिन किसी कारण वह टेलीफोन की लाइन काट दी गई, जिस से मानिकपुर-शंकरगढ़-इलाहाबाद से सम्पर्क सीधा न हो कर कानपुर से मिलाना पड़ता है। इससे उस क्षेत्र के लोगों को बहुत असुविधा होती है क्योंकि कानपुर एक्सचेंज जो है, वह बहुत बिजी एक्सचेंज है। वहां से बात करना बड़ा कठिन कार्य है। मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इस क्षेत्र के लोगों की कठिनाइयों को देखते हुये, मानिकपुर-शंकरगढ़ के द्वारा इलाहाबाद का सम्पर्क कराया जाए। उस लाइन को चालू किया जाए।

इसके साथ ही मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि अभी हाल ही में हमारे बीच से देश का एक बहुत बड़ा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी उठ गया है। पं० परमानन्द जी हमारे बुन्देलखण्ड के निवासी थे।

[श्री राम नाथ दूबे]

मैं अनुरोध करूंगा कि उनकी यादगार में एक स्टैम्प निकाला जाए।

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : उपाध्यक्ष महोदय,

Kindly see what has appeared in India Today dated 15th January, 1982 under Letter from the Editor:

"Why is it that India can launch communications satellites but the telephones on the grounds don't work? Why does the Government pour investment into a Government-owned infrastructure and then provide the public with utilities which don't work?"

आपने मुझे पांच मिनट का समय बोलने के लिए दिया है। अब पांच मिनट में क्या क्या बोला जा सकता है ?

हमारे राज्य मंत्री श्री मकवाना साहब जरा ध्यान देंगे कि आपने जो पोस्टल लोसेज बताये हैं, अपनी इस रिपोर्ट की टेबल वन के अन्दर वे इस प्रकार हैं :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1977–78 | में | 1.98 | करोड़ |
| 1978–79 | में | 2.27 | करोड़ |
| 1979–80 | में | 11.53 | करोड़ |
| 1980–81 | में | 72.50 | करोड़। |

आपके लोसेज 1977–78 में लगभग दो करोड़ से बढ़ कर 72 करोड़ से भी ज्यादा 1980–81 में हो गये। आपने इन लासेज में इतनी बड़ी जम्प लगाई। इतने अधिक लासेज होने का क्या कारण है ? यह टेबल तो रखने लायक है।

दूसरी बात आपने पेज नं० 33 पर टेलीफ़ोन काल्स के बारे में बताई है।

"23.3 crores of trunk calls were handled during 1980-81, out of which 16.94 crores were successful. During the period 1.4.1981 to 31.12.1981, 17.2 crores trunk calls were booked out of which about 12 crores were put through."

The percentage of the sucessful call was 71 per cent and then 69 per cent.

इस से आप देखेंगे कि टेलीफ़ोन काल्स में इतना डिटोरियेशन हुआ। आपको जो इतना बड़ा घाटा हुआ उसका क्या कारण है ?

श्रीमन्, मेरी समझ में इसका एक बड़ा कारण यह है कि आपके जो टेलीफ़ोन आपरेटर्स हैं वे अपनी अपनी जगहों पर टिके हुए हैं। आपने एक कदम उठाया था कि कोई भी आपरेटर अपनी जगह पर तीन साल से ज्यादा नहीं रहेगा। हमारे स्टीफ़न साहब भी क्या करें क्योंकि वे ट्रेड यूनियन्स को चैलेंज नहीं कर सकते हैं। आप अफ़सरों को तो तीन साल में एक जगह से दूसरी जगह भेज देते हैं, किसी को दो साल में ही भेज देते हैं लेकिन आपके आपरेटर्स आपके एक्सचेंजों में दस-दस और बारह-बारह सालों से टिके हुए हैं। वे गहरी जान-पहचान पैदा कर लेते हैं। इस जान-पहचान करने को और भी बहुत से लोग सोचने लगे हैं और यही जान-पहचान आपको घाटा दे रही है। यही आपके विभाग फेलास का बहुत बड़ा कारण है। यह बात आज आपके टेलीफ़ोन विभाग में हो रही है।

आपने आटोनोमी पर बहुत जोर दिया है और आप उसके लिए लड़ भी रहे हैं। आप चाहते हैं कि आपके पी० एण्ड टी० डिपार्टमेंट का सेप्रेट बजट होना चाहिए। आप इसके लिए अलग बजट लेने में पीछे नहीं रहेंगे। आपने जो कदम बढ़ाया है

उसमें आप सक्सेस भी प्राप्त करेंगे। लेकिन एक बात बताइए कि आपकी रिकवरी क्यों इतनी है। मैंने एक सवाल किया था, जिसका जवाब आपने दिया था कि—

Amount of telephone arrears to be realised by first July 1980 in respect ot telephone bills is Rs. 18.17 crores.

मैं ज्यादा डीटेल में जाना नहीं चाहता। इतनी रिकवरी क्यों है। जो गवर्नमेंट डिपार्टमेंट हैं वे भी बराबर पेमेंट नहीं कर रहे हैं।

जो रेट्स बढ़ाए हैं, सारे पेपर्स में निकला है —

In almost all papers postal rates will on postal Rates for Books.

जो किताबें गांवों में पहुंचती हैं उनकी कीमत बढ़ जाएगी। छोटे-छोटे अखबारों की कीमत बढ़ जाएगी। आज गांवों में किताबों और अखबारों की आवश्यकता महसूस की गई है और इसके बारे में कहा गया है —

Publishers' Plea on Postal Levy in Every Paper. Elders Criticise Increase on postal Rates for Books.

लिफ़ाफ़े की कीमत 50 पैसे करके आपने अच्छा काम नहीं किया। यह बहुत ज्यादा है, इससे बहुत तकलीफ़ होती है। कोई नया शादीशुदा आदमी कैसे पत्र लिखेगा? इस बारे में सोचिए। आप सोशल सर्विस करना चाहते हैं और यह बात सोशल सर्विस के खिलाफ़ है।

कई अखबारों पर, छोटे-छोटे अखबार जो जिलास्तर पर निकलते हैं, उन पर भी इसका असर पड़ेगा।

मेरे क्षेत्र पर आपकी बहुत पा है। मैं जब से पालियामेंट का मेंबर बना हूं, मेरे यहां टेलीफ़ोन लगाने की मेहरबानी कम की गई है। लुनावा, लटोरा क्षेत्र हैं, आपकी स्कीम बन जाती है, लेकिन आप कहते हैं कि इक्वीपमेंट्स नहीं हैं। लटोरा में मेंबरों से पैसा जमा करा दिया, स्कीम बन गई, लेकिन अभी तक लागू नहीं हुई है। लुनावा के अन्दर भी यही हालत है। चानौद के लिए मना कर दिया गया।

मेरा जिला पाली, जहां एक लाख की जनसंख्या है, मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि मद्रास, बम्बई जाने के साथ-साथ कभी-कभी छोटे डिस्ट्रिक्ट में भी जाना चाहिए। एक लाख लोग रहते हैं और रोज टेलीफ़ोन दिल्ली करते हैं, ज्यादा रेवेन्यू देना चाहते हैं, लेकिन हम दिल्ली डायरेक्ट बात नहीं कर सकते। आपकी स्कीम मंजूर है, लेकिन क्योंकि मैं ज्यादा बोलता हूं इसलिए मेरी स्कीम आप काट लेते हैं।

**श्री रामावतार शास्त्री।** अब बोलना कम करके देखिए।

**श्री मूल चन्द डागा:** कहां, अब बोलना कम करके देखना पड़ेगा।

आपने थोड़ा सा समय दिया है, इसलिए घर की कुछ बात करूंगा। रिपोर्ट्स को मैं पढ़ना नहीं चाहता। पाली में डायरेक्ट डायल करना चाहते हैं दिल्ली से और बात करना चाहते हैं तो नहीं कर सकते हैं। स्कीम एप्रूव्ड है। कानपुर से नहीं कर सकते हैं। पाली में पांच सौ इण्डस्ट्रीज हैं। आप को रेवेन्यु मिल सकता है। लेकिन बात नहीं कर सकते हैं।

[श्री मूलचन्द डागा]

राजस्थान के जो गांव हैं, वहां जो आपने पोस्ट आफ़िस खोले हैं उन में आपने मैट्रीकुलेशन और इण्टर पढ़े शैड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्ज़ और वीकर सैक्शंज़ के लोगों को न रख कर उनको लगा दिया है जो लैंडलार्ड रह चुके हैं, जो कुछ काम नहीं करते हैं घण्टा भर भी नहीं करते हैं। बिना किए उनको 130 रुपया मिल जाता है। चिट्ठियां डिस्ट्रीब्यूट करने वे नहीं जाते हैं और कहला देते हैं कि आकर ले जाओ। अधिकारियों को कहा कि राम किशन और हीर सिंह आदि जो लैण्डलार्ड थे, जागीरदार थे, उनको क्यों रखा और मैट्रिक और इंटर लड़के जो मौजूद हैं और जो काम कर सकते हैं, साइकिल पर जा सकते हैं, तीन-तीन मील दूर और जा कर पत्र पहुंचा सकते हैं उनको क्यों नहीं रखा तो कोई सन्तोषजनक जवाब नहीं मिलता है। बेकार उनको 130 रुपया दिया जाता है। चिट्ठियां आती हैं पड़ी रहती हैं। लोगों को खुद जा कर अपने और अपने आसपास वालों के पत्र लाने पड़ते हैं। नौकरियां देनी हैं तो उनको दें जो डिजर्व करते हैं न कि उनको जिन की बड़ी-बड़ी जमीनें हैं। यह ठीक है कि अधिकारी जब जाते हैं तो उनकी सेवा वे थोड़ी ठीक कर सकते हैं, स्वागत उनका अच्छा हो सकता है, दूध घी अच्छा मिल सकता है। मैं लिस्ट पेश कर दूंगा. और मंत्री महोदय जांच कर लें और जांच करने के बाद सही पाएं तो दूसरों को नौकरी दें।

सुमेरपुर, पालना आदि के बारे में बराबर शिकायत की जाती है। सुमेरपुर का इतना बड़ा एरिया है तथा और भी कई बड़े-बड़े टाउंज हैं लेकिन वहां पर एक भी पी सी ओ या कुछ और नहीं हैं। कहा जाता है कि सामान नहीं है, इक्विपमेंट नहीं है, स्कीम मंजूर हो गई है, रुपया जमा कर दिया है। लेकिन होता कुछ नहीं है। मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र की लिस्ट आपके सामने रख दूंगा। मैं आशा करता हूं कि उस पर आप ध्यान देंगे। साथ ही साथ पोस्ट्स एण्ड टेलीग्राफ़ की जो हालत है उसको सुधारने की भी कोशिश करेंगे।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप (आंवला)** : संचार मंत्रालय की कुछ विशेषतायें हैं। पहली यह है कि टेलीग्राम कुछ दी जाती है और पहुंचा कुछ और दो जाती है, अर्थ का अनर्थ कर दिया जाता है। एक बार इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बारे में लिखा "जजमेंट रिजर्व्ड" पहुंचा दी गई "रिजेक्टिड"। लोग पीछे पड़ गए कि आप ने हमें धोखा दिया। आप कह रहे थे कि केस अच्छा चल रहा है, हार कैसे गए। जब उनको बताया कि टेलीग्राम आपको गलत मिली और यह डिपार्टमेंट की गलती है तो उनको तसल्ली हुई।

तीन दिन पहले हम मुरैना में एक मीटिंग के सिलसिले में गए। अर्जेंट टेलीग्राम किया। तीन दिन पहले किया। कई जगह किया, और जब मोरेना में हम पहुंच गए मीटिंग में बोल चुके और जब चलने के लिए बैठे थे तब टेलीग्राम पहुंचा। यह हालत है। अर्थ का अनर्थ करें, देर में पहुंचे। और चिट्ठी पत्री का तो कुछ कहना ही नहीं। टेलीफोन उठाओ तो पहले यही होता है कि आउट आफ आर्डर और अगर मिल गया तो रोंग नम्बर, और उसके बाद भी मिल गया तो बातचीत पूरी ही नहीं हो पाती, बीच में ही कट जाता है। मंत्री महोदय से मैंने एक दो, बार बात चीत की तो पूरी बात नहीं हो पायी। बिल गलत सलत। आपके पास भी ऐसी शिकायतें पहुंची होंगी लोगों के फर्जी बिल आ

रहे हैं। दिल्ली में कई टेलीफोन 4, 6 महीने से कटे हुए हैं लेकिन उनके बिल भी चले आ रहे हैं। यह जो हालत विभाग की है इस पर गम्भीरता से आपको सोचना पड़ेगा क्योंकि संचार साधन देश को एक करने में, नजदीक लाने में और लोगों की सुविधा देने के लिए एक जनसेवा का विभाग है। यह कोई उद्योग नहीं है जैसा कि आपने समझ लिया है। और शायद, इसीलिए आप पोस्टल रेट्स बढ़ाते चले जा रहे हैं। लम्बा चौड़ा अखबार कई पेज का बाजार में 50 पैसे में मिल जाता है, लेकिन अगर हम छोटी सी चिट्ठी भेजेंगे और उसका एक तोले से कम वजन होगा तो 50 पैसे देने होंगे। तो कहीं तो समानता रखिये कीमतों में। पोस्ट कार्ड पहुंचते नहीं, मनीआर्डर आपके अधिकारी पहले अपने इस्तेमाल में ले आते हैं और कई महीने के बाद लोगों को देते हैं। गलत वितरण भी होता है। और आपके विभाग में कोई सुनवाई नहीं है। हम जो शिकायत करते हैं उसका जवाब नहीं आता। छोटी जगह टेलीफोन ऐक्सचेंजेज की हालत खराब है, एयर कंडीशनिंग का कोई उचित इंतजाम नहीं है, अधिकांश टेलीफोन खराब ही रहते हैं, उसका कोई प्रयोग नहीं हो पाता। कहीं पानी टपक गया, कहीं हवा चल गई तो छोटे कस्बों में टेलीफोन बेकार ही रहते हैं।

डाक दरों में जो आप बढ़त्तरी कर रहे हैं इसको आप जरूर वापस लें क्योंकि यह सेवायें हैं जनहित में, कोई उद्योग नहीं है। मुनाफे की भावना सामने रख कर सेवा की भावना रखें। और यह काम तब तक नहीं चलेगा जब तक कर्मचारियों को आप सुविधा नहीं देंगे। आपके विभाग में लाखों लोग ऐडहाक बेसिस पर काम कर रहे हैं, उनको स्थायी नहीं किया है। उनको कोई सुविधा नही है। डाकिया भीगता हुआ जाएगा, अच्छी साइकिल उसको आप नहीं देते, उसके पास बरसाती नहीं होगी। टेलीग्राम देने जाएगा रात में तो उसके पास टॉर्च नहीं होगी चाहे भले ही उसे सांप काट ले। चोर उचक्कों का भी डर रहता है और सब से दयनीय हालत शैड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स लोगों की है जो हर माने में सताने जाते है मैंने पिछले साल आपको पत्र लिखे, बेचारी शेड्यूल्ड कास्ट के कर्मचारी बरेली एक्सचेंजे में पीटे गए, मारे गए, केस भी रजिस्टर हुआ और जो मुलजिम थे उनको सजा न मिल कर सजा मिली उन बेचारे गरीब लोगों को। उनका फौरन ट्रांसफर कर दिया गया क्योंकि तुम पिट क्यों लिए। वह बेचारे पिटे भी और मुकदमा दायर करें तो ऐक्सचेंज में लोग पिस्तौल ले कर घुस आए। और बेचारा सताया नहीं जायेगा। बैंड एन्ट्री का एक अच्छा तरीका हो गया, प्रमोशन का जब मामला आपके विभाग में आता है तो पता नहीं कौनसा तरीका है बैंड एण्ट्री करने का कि वीकर सैक्शन का एम्पलायी नुक्सान उठाता है। प्रमोशन के मामले में जितनी धांधली आपके अधिकारी वर्ग के लिए लोग कर रहे हैं कर्मचारियों के साथ, वह किसी दूसरे विभाग में ढूंढने से भी मिलेगी नहीं। आप खास तौर से इन चीजों का सेंसर कीजिए, देखिए, इनकी स्क्रीनिंग होनी चाहिए।

मैं अपने क्षेत्र की बात क्या कहूं, कई ऐसे कस्बे अमला में हैं जिनका टेलीफोन और टेलीग्राम से कोई वास्ता नहीं है। अगर कोई टेलीफोन वहां है भी तो वह आउट आफ आर्डर रहता है।

[श्री जयपाल सिंह कश्यप]

टेलीफोन कनैक्शन की जितनी एप्लीकेशन्ज पूरे देश में चल रही हैं, उस में कनैक्शन दिलवाने में भी कितनी धांधली है, जिनको आवश्यकता है, उनको नहीं मिल पा रहा है। आप कोई ऐसी व्यवस्था कीजिए, देश को आगे ले जाना है, सारे काम बढ़ रहे हैं, धंधे बढ़ रहे हैं, लोगों की समस्याएं बढ़ रहीं हैं, टेलीफोन उसके लिए बहुत आवश्यक हो गया है, इसीलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को नये कनैक्शन मिल सकें। इसके लिए आपको विशेष रूप से सक्रीय होकर काम करना चाहिए।

मैं लम्बी चर्चा करना नहीं चाहता, यही कहना चाहता हूं कि आप अपने एम्पलाईज का ध्यान रखिए, काम करने वाले स्टाफ की बढ़ाइये, जो टैम्पोरेरी हैं, एडहाक हैं, कच्चे एम्पलायी आपने रखे हैं, उन सारे लोगों को परमानेन्ट कीजिए और अपने डिपार्टमेंट को सुधारिए, वरना आपका करोड़ों का बजट बढ़ती हुई कमियां एक दिन आपको ले डूबेंगी और आपका विभाग संचार विभाग नहीं बल्कि तोड़ने वाला विभाग बन जाएगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Sontosh Mohan Dev: You had already said that you want only five minutes.

SHRI SONTOSH MOHAN DEV: (Silchar): Only five minutes, not a second more!

Mr. Deputy-Speaker, we have heard the criticism of the telephone system and from my experience as a member of the Estimates Committee I have toured all the big cities and it is being observed that the telephone system in this country is the most efficient one and I will prove it by saying that in every big city a parallel exchange is being run by some trained staff, where through this efficient service you can get, if you unofficially make some payment to the employees of these telephone. exchanges, whatever. number you want. This statement came before the Estimates Committee and it was made by the Association of the Merchants' Chambers. If there is no efficiency why should commercial firms pay premium to those staff who run such a system that after giving the telephone connection every day they have got collectors to go and collect the money?. This is the case in Gauhati, this is the case in Bombay, this is the case in Calcutta and this is the case in Delhi also. Therefore, the Ministry must find out certain means of catching hold of those people, because due to these parallel and artificial exchanges being run, we are losing revenue and the blame also is coming to the Ministry. This is my firm conviction. The hon. Minister may look into this case and find out by surprise checks through devoted and honest officers how he could improve the functioning of the Department.

Secondly, in moffusil towns like Gauhati, there is another menace and the pitfalls and difficulties of the telephone and telegraphs are many. One is the pilferage of the telephones lines by gangs behind whom there are businessmen and political leaders who help them. You should catch them and punish them. The punishment they get now under the rules is nothing and some persons are punished six times or seven times but still they persist because of the money. The rule must be the culprits who are indulging in these theft cases of telephone lines and other appratus, must be punished in such a manner that they dare not do it a second time. If these two particular aspects are looked into then Mr. Paswan and others—take your seat, Mr. Paswan—will be able to get a better service. This is my experience by going round the country. There is a caucus working in the Department itself in collaboration with some public leaders and trade union leaders. Action should be taken against the erring officials within the

Ministry and severe punishment is to be given to them. As public leaders we have also to look into this and if you improve the Department, we will be able to have a better service.

About my constituency I will say only one thing. Our hon. Minister, Mr. Stephen, was kind enough to sanction an automatic exchange. The Department was saying that no land was available. But an officer of the S.D.O.T. has been occupying a bungalow for the last so many years, with about 8 bighas of land. I do not know why at this juncture, an officer should occupy a bungalow with such a big area. So, a portion of the bungalow can be utilised for locating the automatic telephone exchange. I am sure, with this effiiciency—I do not agree that this Department is not efficient—it can solve this problem.

In the North-Eastern Region, our main problem is the communication with remote villages. The P&T has done a very good service there by installing telephones in remote police stations. The same areas should be connected with PCOs so that there can be communication with remote places. Kindly consider this proposal and give necessary attention to this. Our experience is that we can get better service in times of calamities or any such eventuality, if telephones are provided in remote areas.

In the Estimates Committee, one of the employees' associations told us a beautiful story. It is like this. The accomodation given to the staff for working in parcel and other offices is very small. Though the geographic difference between Japan and America is too long, the area given for sorting out parcels for America and Japan is so small that if he does not work properly and kicks one parcel meant for Japan by mistake, it travels five yards and goes to America. So, the working space for the workers should also be provided properly.

I would request the hon. Minister very much to look into this problem of my constituency regarding connecting through STD with Calcutta, Gauhati and Delhi because there is already a STD service in Mizoram. If I want to take to Mr. Stephen, I can do it within one minute through Mizoram but with the grace of the Telephone Exchange staff. The people are enjoying this facility unofficially by paying premium to the telephone staff there and thus the Department is losing revenue. If this facility is officially allowed, the Department will earn revenue and can get rid of Mr. Daga's criticism and we will get a better service.

**श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर (खंडवा) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं संचार मंत्रालय की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। अभी सदन के दोनों पक्षों के सदस्यों ने इस विभाग की सेवाओं के बारे में अपने दर्द को व्यक्त किया है। हमारे माननीय मंत्री श्री स्टीफ़न साहब, श्री मकवाना और श्री विजय पाटिल बहुत लायक हैं, परन्तु पता नहीं कि वे अपने शस्त्रों को तेज क्यों नहीं कर रहे हैं, क्यों नहीं उन्हें काम में ला रहे हैं? उनकी योग्यता को देखकर मुझे एक शेर याद आता है—

दर्द करवट बदलने वाला है, शोला शबनम में ढलने वाला है, न सही आज जफ़र कल जमाना बदलने वाला है।

मैं बधाई देना चाहता हूं उन वैज्ञानिकों को, जिन्होंने इनसैट को आकाश में भेजा है, जिस के लाभ हमें मिलने वाले हैं। उसके कारण हमें 8,000 टेलीफ़ोन लाइनें मिलेंगी और ट्रंक-काल की हमारी समस्याओं का बड़ी सीमा तक समाधान निकल आयेगा।

मेरे क्षेत्र में जो काम किए गए हैं, उनके लिए मैं संचार मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। वहां पर आर० एम० एस० का आफ़िस खोलने की बहुत

[श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर]

दिनों से मांग थी, उसकी पूर्ति की गई है। मेरे क्षेत्र के लोगों में उससे बहुत प्रसन्नता है। इन 30 वर्षों में हमारे देश में जो 30 लाख टेलीफोन लगे हैं, इन में से 80 प्रतिशत टेलीफोन केवल नगरीय क्षेत्रों में लगे हैं और 10 प्रतिशत सबर्बन एरिया में लगे हैं। और ग्रामीण अंचलों में केवल 10 प्रतिशत टेलीफोन लगे हैं। ये जो आंकड़े हैं ये हमारी प्रगति को नहीं दिखाते हैं। हमारा देश गांवों का देश है और बहुत सी टेलीफोन सेवाएं गांवों में होनी चाहिए थी परन्तु वह सेवाएं ग्रामीण अंचलों को नहीं मिल पा रहीं हैं। मैं यह निवेदन करूंगा कि ग्रामीण अंचलों से टेलीफोन सेवाओं की जो मांग है उसकी पूर्ति शीघ्र से शीघ्र अत्यन्त आवश्यक है। आज जो हमारे टेलीफोन के सेम रेट पर 5 किलोमीटर के एरिया में नये कनेक्शन दिए जाते हैं, मैं यह मांग करना चाहता हूं कि उसको बढ़ाकर कम से कम 7 किलोमीटर करना बहुत आवश्यक है, क्योंकि बहुत से गांव होते हैं, जिनकी दूरी कुछ ज्यादा होती है, परन्तु केवल कानूनों और प्रावधानों के कारण वहां के लोगों को शहरों के समीप होने के बावजूद भी उसका लाभ नहीं मिल पाता है। वह सेवाएं उनको मिलनी चाहिएं।

जो स्पेशल केटेगरी आपने बनाई है उससे भी हमें संतोष नहीं है। एक लायंस क्लब का मेम्बर हो या रोटरी क्लब का मेंबर हो वह स्पेशल केटेगरी में आ जाता है, कोई छोटी-मोटी इंडस्ट्री लगा ले वह स्पेशल केटेगरी में आ जाता है, लेकिन कोआपरेटिव सुगर फैक्ट्री अगर आप से अगर टैलीफोन माँगे, वह स्पेशल केटेगरी का मेम्बर नहीं माना जाता है। जिस कोआपरेटिव में उस जिले के चार-पांच हजार लोग शामिल हों, किसान जिस में मालिक हो, वो चाहें कि उनकी फैक्ट्री में टेलीफोन लग जाए तो वह आपकी स्पेशल केटेगरी में नहीं आता। मैं यह निवेदन करूंगा कि आपकी जो स्पेशल केटेगरी की लिस्ट है, उसका पुनरीक्षण कर के जो अत्यावश्यक सेवाएं हैं उनको वह सुविधा देनी चाहिए। मुझे खुशी है कि आप ने हमारी शुगर फ़ैक्ट्री के लिए टेलीफ़ोन कनेक्शन मंजूर किया है, लेकिन विभागीय हमेशा बार-बार कहते हैं कि सामान के अभाव में हम टेलीफ़ोन नहीं लगा सकते हैं। मैं मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि शीघ्र वहां टेलीफोन लगवाएं ताकि उस जिले के लोग जो एक टेलीफोन से लाभान्वित हो सकते हैं, वह सारा फ़ायदा उनको मिले।

जिस प्रकार से आंध्र प्रदेश में मुवेबल एंजिन जेनरेटर लगाए हैं, उसी प्रकार ग्रामीण अंचलों के एक्सचेंजों में भी लगाये जाने चाहिए, जब कि बैटरी या पावर फ़ेल्योर होता है तो हमारे ग्रामीण अचलों के टेलीफोन बार-बार बंद हो जाते हैं, इसलिए ग्रामीण अंचलों से बहुत जगह शिकायत होती है। तो जिस प्रकार से आंध्र प्रदेश में बैटरी चार्ज करने के लिए मूवेबल एंजिन जेनेरेटर लगाए हैं, वैसे ही सुविधा सारे देश के ग्रामीण अंचलों में होनी चाहिए।

आज जैसा कि मेरे पूर्व वक्ताओं ने भी आरोप लगाया है कि बहुत से फो काल पास होते हैं और करोड़ों रुपये का भार व्यर्थ में शासन पर पड़ता है यह बात सही है। ब्रिटिश शासन में पोस्ट आफ़िस में यदि कोई 5 रुपये का भी गबन करता था तो उसको सर्विस से निकाल दिया जाता था।

(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, अभी तो मैंने शुरू किया है, आपने मुझे 5 मिनट भी नहीं दिए हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You should not use the telephone for more than three minutes. Somebody else will be waiting for the call.

श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर : मेरा यह कहना है कि उसी प्रकार से इसके लिए भी उन लोगों को दण्डित किया जाना बहुत आवश्यक है।

बुरहानपुर में खण्डवा जिले में एक डिवीजनल इंजीनियर टेलीफोन की नियुक्ति की गई थी। अखबारों में भी नाम सहित छपा था कि श्री भटनागर की नियुक्ति वहां पर की गई, लेकिन न जाने कौन से कारण आ गए जो हमारी 6–7 साल से मांग चली आ रही थी, और आपने नियुक्ति भी कर दी थी, लेकिन आपने फिर से उसका हैड आफिस उठाकर इटारसी में कर दिया। हमारी जो बहुत जायज मांग थी, उस पर आपने जो निर्णय लिया था, उस पर कायम रहें, यह मैं निवेदन करता हूं। मैं आशा करता हूं कि आप उस पर पूरी सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे।

200 नए कनेक्शन्स के लिए बुरहानपुर एक्सचेंज में मांग है। परन्तु बहुत दिनों की प्रतीक्षा के बाद भी उनको नहीं मिल पा रहे हैं। वे सुविधाएं वहां उपलब्ध कराएं, यह मैं निवेदन करना चाहता हूं। इसके साथ-साथ एक बात यह भी है कि बुरहानपुर का बोर्ड बहुत पुराना हो गया है। वहां पर जरा सी धूल उड़ती है तो सारे टेलीफोन खराब हो जाते हैं। तो नया बोर्ड बुरहानपुर एक्सचेंज में लगाएं। इसके साथ-साथ खण्डवा में जैसा कि आपके विभागीय अधिकारियों ने छपवाया था कि रसे–भुसावल से इटारसी अंडर-ग्राउंड कोएक्सल लाइन जा रही है, उसको अगर खण्डवा से जोड़ दिया जाए तो खण्डवा का हमारे देश के 15 बड़े नगरों से संबंध हो जाएगा। तो मैं यह निवेदन करूंगा कि कोएक्शल स्टेशन बुरहानपुर में भी आप बना दीजिए, कोई ज्यादा समय नहीं लगेगा और वे सारी सुविधाएं उसको उपलब्ध हो जाएंगी। उसके साथ-साथ मेरे निर्वाचन क्षेत्र के बागली को भी वह सेवाएं शीघ्र उपलब्ध कराएं। मेरा दिल्ली का टेलीफोन नम्बर है 37 5594। मुझे चुनकर इस सदन में आए हुए लगभग साढे सात सौ दिन हुए हैं और कम से कम चार सौ बार मैंने कंप्लेन्ट लिखाई है कि मेरा टेलीफोन खराब है। मेरा निवेदन है कि मेरा टेलीफोन सही करवाया जाए ताकि मैं अपने क्षेत्र के साथ सम्पर्क बनाए रख सकूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Shiv Kumar Singh, your phone is always engaged. When some other call comes, how can we help?

श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर : खड़कोद और दरियार के लोगों ने बहुत दिनों से, लगभग डेढ़ साल से, पैसा दे रखा है, उनकी टेलीफोन लाइन आपने मंजूर भी कर दी है, लेकिन सामान के अभाव में टेलीफोन कनेक्शन्स नहीं दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार से मेरे निर्वाचन क्षेत्र में बिचकुआ और मैमून में पी०सी०ओ० खोला जाए। वहां के लोगों ने इसकी मांग की है। इसी प्रकार अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन महाराज, शिवाजी, राणाप्रताप के टिकटों की मांग मेरे क्षेत्र के लोग करते हैं। इसकी भी व्यवस्था होनी चाहिए।

मेरा इसके साथ-साथ आपसे यह भी निवेदन है कि बुरहानपुर के टेलीफोन आपरेटर, श्री इंगले, और खण्डवा के टेलीफोन आपरेटर श्री कुलकरणी, जिन्होंने

[श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर]

बुरहानपुर में पड़ी डकैती में बहुत प्रशंसनीय कार्य किया था, उनको आपकी ओर से एप्रीसिएशन लेटर भेजे जायें ।

मेरा आपसे यह भी निवेदन है कि भिण्ड दतीया को मिला कर एक पोस्ट आफ़िस डिवीजन होना चाहिए । मेरा आप से यह भी निवेदन है कि भिण्ड दिल्ली आगरा कानपुर डायरेक्ट लाइन होनी चाहिए । भिंड से दतिया वाया लहार दबो सीधे लाइन है, लेकिन बात ठीक तरह से नहीं होती है । ग्वालियर होकर होती है । इसलिए वहां पर बात ठीक से हो सके, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए । इन्हीं शब्दों के साथ मैं संचार मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are 3 or 4 Members who have to speak. If they stick to 5 minutes each, I will allow them.

Now, Mr. Vyas may speak.

**श्री गिरधारी लाल व्यास** (भीलवाड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं संचार मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं और जो कठिनाइयां हैं, उनकी ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । लम्बी-चौड़ी बात करने से कोई फ़ायदा नहीं है, क्योंकि समय कम है ।

सबसे पहली कठिनाई यह है कि भीलवाड़ा में टेलीफोन एक्सचेंज की कोई अपनी बिल्डिंग नहीं है । आपने पैसे की स्वीकृति दे दी है, लेकिन बिल्डिंग नहीं बन पा रही है । दो-तीन साल से जब से मैं इस पार्लियामेंट का मैम्बर बना हूं, मैं लगातार कहता आ रहा हूं । दो साल से आपने पैसा भी मंजूर कर दिया है, कलैक्टर ने जमीन भी दे दी है, लेकिन बिल्डिंग नहीं बन पा रही है । आप कृपया करके बिल्डिंग बनाने की व्यवस्था कीजिए । सौ लाइन के टेलीफोन एक्सचेंज के लिए आपने जो बिल्डिंग किराए पर ली थी, अब वहां पर 2000 लाइनें हो गई हैं । फ़िर भी वही बिल्डिंग चल रही है, इसलिए लोग कहते हैं कि टेलीफोन की व्यवस्था खराब है । आप नई बिल्डिंग बना दीजिए तो सारी व्यवस्था ठीक हो जाएगी । इसमें आपका भी नाम होगा और हमारी सरकार की भी वाह-वाही होगी ।

मेरा दूसरा निवेदन यह है कि टैलेक्स सिस्टम आपने वहां पर स्वीकृत किया है । लोग उसको लेने के लिए तैयार हैं । लेकिन आप डिपार्टमेंट की तरफ़ से नोटिस दे दी गई कि क्योंकि दस आदमियों ने नहीं लिया, इसलिए हम इसको हटाते हैं । वहां पर लोग लेने के लिए तैयार हैं, इसलिए आपने जो नोटिस दी है, उसको विद-ड्रा कीजिए ।

मेरा तीसरा निवेदन यह है कि भीलवाड़ा डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर हैं । इसकी दो तहसीलें ऐसी हैं, असीन्द और जहाजपुर, जो डायरेक्ट नहीं मिली हुई हैं । आदमी बस में बैठकर भीलवाड़ा हो कर लौट आए, तब तक भी टेलीफोन नहीं मिलता है । इसमें दस-पन्द्रह किलोमीटर से ज्यादा लाइन नहीं मिलानी है । इसलिए मेरा निवेदन है कि असीन्द और जहाजपुर को भीलवाड़ा से मिला दिया जाए तो मेरी कान्स्टीचूयेंसी की आधी आबादी को बहुत बड़ा फ़ायदा पहुंचेगा । इसलिए इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए ।

पी०सी०ओ० को खोलने के लिए मैं बराबर दो साल से कह रहा हूं । एक शम्भूगढ़ का पी०सी०ओ० आपने दो साल में खोला है, बाकी कोई नहीं खोला है । वहां पर ऐसे बड़े-बड़े गांव हैं, जिनकी

पांच-पांच, सात-सात हजार की आबादी है। जैसे अन्टाली, जंगपुरा, सरेणी, निम्बा हेडा, आसीन्द तहसील, कारोई, बरूदणी, स्टेशन सरेणी और बोरापा—वहां पर पी०सी०ओ० खोलने के लिए वर्षों से पैरवी की जा रही है, लेकिन पता नहीं क्या कारण है कि पी०सी०ओ० नहीं खोले जा रहे हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि जल्दी से जल्दी पी०सी०ओ० खुलवा दिए जायें।

फूलिया गांव में सात हजार से ज्यादा की आबादी है, इसलिए इसको सब पोस्ट आफिस बनाया जाए। वहां पर जो एक्सट्रा डिपार्डमेंटल पोस्ट आफिस है, उसमें जो आदमी काम करता है, उसको 75 रु० तनख्वाह मिलती थी। वह अपने 75 रु० कायम रखने के लिए वहां की आमदनी पूरी नहीं बताता है और बराबर आपके डिपार्टमेंट के लोग कहते हैं कि आमदनी नहीं है, इस वजह से उसको सब पोस्ट आफिस नहीं बनाया जा सकता है। वह इतना बड़ा कसबा है और उसके आसपास सौ पोस्ट आफिस होंगे, यदि इसको बना दिया जाएगा तो निश्चित तरीके से आपके विभाग की आमदनी बढ़ेगी। इसलिए इस व्यवस्था को किया जाना चाहिए। फुलिया को सब पोस्ट आफिस बनाया जाना चाहिए।

बिल्डिंग बनाने के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि बनेडा, गुलाबपुरा और माडल में पोस्ट आफिस की बिल्डिंग बनाई जानी चाहिए। पंचायत व म्यूनिसिपैलिटी बोर्ड ने आपको जमीन दे दी है और इस संबंध में मैं बराबर दो साल से आपसे कहता आ रहा हूं, लेकिन आपका डिपार्टमेंट कहता है कि यह काम नहीं हो सकता है। इस व्यवस्था को भी आपको जल्दी से जल्दी ठीक करा देना चाहिए।

एक निवेदन मैं यह कहना चाहता हूं कि एक्सट्रा डिपार्टमेंटल पोस्ट आफिस में जो लोग काम करते हैं, उनके बारे में कहना चाहता हूं। उनको आप 75 रु० देते हैं, अब शायद उसको 150 रु० कर दिया है। क्या 150 रु० मिनिमम वेज के अन्तर्गत आता है? जब आप आठ रुपया, दस रुपया या 12 रु० मिनिमम वेज देते हैं, किसी भी माइनिंग में आप देख लीजिए, अन्य डिपार्टमेंट में देख लीजिए, वहां दस रुपए मिनिमम वेज हो गई है। जब कि आप एक्सट्रा डिपार्टमेंटल पोस्ट आफिसेस में केवल 150 रु० देते हैं। उनको पूरा पैसा नहीं मिलता है, इसलिए वे पूरा नहीं देते हैं और इस तरह की गड़बड़ियां होती हैं। यदि उनको पूरा पैसा कलर्क का दिया जाएगा, तो ये लोग एफिशियेंटली पोस्ट आफिस रन कर सकेंगे। इसी प्रकार नियुक्तियों में भी बड़ी धांधलेबाजी होती है। आपके जो अधिकारी लोग हैं, इन्सपैक्टर लोग हैं, वे मन-माने तरीके से अपने लोगों को नियुक्त कर देते हैं। इस संबंध में चुने हुए प्रतिनिधियों, एम०पी० या एम०एल०एज० से भी कोई राय नहीं ली जाती है। इसलिए इसमें निश्चित तरीके से वहां के जनप्रतिनिधियों की या वहां के पंचायत के लोगों की राय ली जानी चाहिए।

टेलीफोन की व्यवस्था भी निश्चित तरीके से काफी आगे बढ़ी है, मगर उसमें भी काफी सुधार की आवश्यकता है। मैं आपकी कोई बुराई नहीं करना चाहता हूं, क्योंकि अपनी सरकार की बुराई करना कोई अच्छी बात नहीं है, लेकिन जो खराबियां हैं, उनको निश्चित तरीके से दूर कीजिए। डागा जी ने ठीक कहा कि 10-10 और 15-15 साल से एक आदमी एक जगह पर जमा हुआ है, क्योंकि उसका वहां पर वैस्टेड इन्टरेस्ट है। हमारे मोहन देव जी ने

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

भी सही बात कही कि वेस्टेड इन्टरेस्ट के कारण आपके विभाग में काम करने वाले बड़े बड़े लोगों से मिले होते हैं, जिसकी वजह से लाखों रुपयों की आमदनी गायब हो रही है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि किसी भी ऐसे व्यक्ति को दो-दो, तीन-तीन साल से ज्यादा मत रोकिए। उनको बदलते रहना चाहिए। ताकि आपके डिपार्टमेंट को फायदा हो।

एक बात मैं उन पोस्ट आफिसेज के बारे में कहना चाहता हूं, जहां पर सेविंग बैंक है, और जनता का पैसा जमा होता है। अभी पिछले दिनों दो-तीन बैंकों में डाका पड़ चुका है, लेकिन फिर भी वहां पर कोई गार्ड की व्यवस्था नहीं है। वहां पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस पोस्ट आफिस में 10–10 और 15–15 लाख रुपये, का लेन-देन होता हो, वहां पर किसी भी प्रकार की सिक्योरिटी का इन्तजाम न हो, तो उससे नुकसान होता है। इस ओर भी आपको निश्चित तरीके से ध्यान देना चाहिए।

इनलैण्ड लैटर के बारे में यह कहना चाहता हूं कि इसमें जो पैसा आपने बढ़ाया है, उससे गरीबों को तकलीफ होती है। लिफाफे के लिए मैं खास नहीं कहना चाहता हूं, लेकिन इनलैण्ड लैटर के बारे में यदि आप पैसा कम नहीं कर सकते हैं, तो कम से कम आइन्दा के लिए ख्याल रखें कि इसमें कोई पैसा न बढ़ाया जाए।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री रामा अवतार शास्त्री** (पटना) : उपाध्यक्ष जी, सब से पहले मैं टेलीफोन के बारे में कहना चाहता हूं। टेलीफोन के बारे में बहुत से माननीय सदस्यों ने कहा है। टेलीफोन सब जगह गड़बड़ है। चाहे दिल्ली हो, पटना हो, कलकत्ता हो या अन्य बड़े-बड़े शहर हों। इन सब जगहों पर टेलीफोन की स्थिति अच्छी नहीं है। अगर अफसरों से कहते हैं कि यह ठीक नहीं है तो वे कहते हैं कि आप यूनियन के जो लीडर हैं, उन से कहिए कि वर्कर्स ठीक से काम नहीं करते हैं और वर्कर्स के नेताओं से जब बात कीजिए तो वे कहते हैं कि हमारे पास एक्सचेन्ज ठीक नहीं हैं, टूल्स ठीक नहीं हैं और तरह तरह की बातें बता कर वे अपनी जिम्मेदारी टाल देते हैं और जनता हम लोगों को पकड़ती है कि हम ने तुमको एम० पी० चुन कर भेजा है और पटना का टेलीफ़ोन विभाग ठीक से काम नहीं करता है। मैं इस सम्बन्ध में आप को एक सुझाव देना चाहूंगा और अगर आप ठीक समझें, तो उस को मानिए। मेरा कहना यह है कि कभी कभी इस बात की व्यवस्था कीजिए कि तीनों फ़ैडरेशनस के जो नेता हैं और जो भी सम्बंधित अधिकारी हैं और मेरे जैसे सांसद, जो उस इलाके के संसद् सदस्य हों, समय समय पर इनकी ज्वाइन्ट मीटिंग बुलाइए और उस में हम डिस्कस कर लेंगे। अधिकारी क्या कहते हैं और एम्पलाइज क्या कहते हैं, सब बातें सामने आ जायेंगी, तो बहुत सी बातें साफ़ हो सकती हैं और मेरा विश्वास है कि इस से कुछ सुधार होगा और आपकी टेलीफोन व्यवस्था कुछ ठीक होगी। मेरे इस सुझाव पर आप गंभीरता से विचार कीजिए और जहां आप बहुत से एक्सपैरीमेंट कर रहे हैं, वहां यह भी एक एक्सपैरीमेंट कर के देखिए कि स्थिति में इस से कुछ सुधार आता है या नहीं।

एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि टेलीफ़ोन सलाहकार समितियां बहुत सी जगहों पर अभी तक नहीं

बन पाई हैं। दो साल बीत जाने के बाद भी अभी तक पटना में यह नहीं बनी है। मैं जानता हूं कि इस में कुछ काम होता है। कमेटी की बैठक होती है, तो उस में एम० एल० एज० आते हैं, एम० पीज० आते हैं, जर्नेलिस्ट्स होते हैं और सब तरफ के रेप्रेजेन्टेटिवज होते हैं। उस में बात चीत करने से भी कुछ सुधार होगा। दो-दो साल आप इस में लगा देंगे, तो क्या सुधार होगा।

आखिरी बात आप के मंत्रालय की, आप के विभाग की एफ़ीशियेन्सी की है। इस में बड़ी गड़बड़ है। मैं एक उदाहरण आप के विभाग की दक्षता का दे दूं। इस की कार्य-प्रणाली में कितनी गड़-बड़ है, यह मैं आप को बताना चाहता हूं। जनवरी में नये दिन के अवसर पर हम लोगों को पार्लियामेंन्ट हाउस के दफ्तर से बधाई-कार्ड जो छपते हैं, एक बधाई कार्ड मैंने अपनी बच्ची के नाम, अपनी लड़की के नाम से भेजा। वह 15 दिन के बाद यहां से पटना पहुंचा। एक दूसरा उदाहरण और है। मेरी बच्ची का जन्म दिन 21 फरवरी को था। 20 फरवरी को मैंने बौकारो से, जोकि एक बहुत मशहूर जगह हैं, फोनोग्राम के जरिए से एक तार भेजा, ग्रीटिंग कार्ड अपनी बेटी के नाम भेजा और पता नहीं कि वह तार अब तक कहां टहल रहा है। आज तक वह बौकारो से पटना नहीं पहुंचा। बहुत से कर्मचारी ऐसे हैं किसी की औरत मर गई और किसी का पिता मर गया और वे बहुत तकलीफ़ में हैं, वे आप के एम्पलाईज हैं और उनका आप ट्रांस्फर कर देते हैं लेकिन वे कहते हैं कि हमारे बच्चे हमारे बगैर कैसे रहेंगे। ऐसे कैसेज को जब हम लोग आप को रेफर करते हैं तो आप बोलते हैं कि हमदर्दी के साथ विचार हो रहा है लेकिन उन पर कोई विचार नहीं होता। उस तरफ भी आपको ध्यान देना चाहिए। ह्यूमैनीटैरियन ग्राउन्डस पर और अनुकंपा, कम्पेसेनेट ग्राउन्डस पर आप के यहां उसको रोका जा सकता है लेकिन वे सब बातें आपकी किताब में ही रह गई हैं और उनका इस्तेमाल ऐसे केसों में नहीं किया जाता है। इन बातों की तरफ आपको ध्यान देना चाहिए।

मेरा विश्वास है कि मेरे इन सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा। हम लोग सहयोग करने को तैयार हैं। यूनियन के नेताओं से अब मैंने इस बात को कहा तो वे कहते हैं कि हम तैयार हैं लेकिन आप के अधिकारी तैयार नहीं हैं क्योंकि वे आपका क्लियरेंस चाहते हैं। प्राइवेट में वे कहते हैं कि आप की बात बहुत सही है लेकिन हम को ऊपर से क्लियरेंस मिलना चाहिए। इसलिए मेरा कहना यह है कि अगर ज्वाइन्ट मीटिंग की बात बात आप मान लें और इस पर एक एक्सपेरिमेंट कर लें तो टेलीफोन की व्यवस्था में सुधार आएगा और मौजूदा स्थिति सुधरेगी।

इतना कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**17.59 hrs.**

**श्री सत्य नारायण जटिया** (उज्जैन): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह जो टेली-फोन और संचार विभाग है, यह काफी महत्वपूर्ण विभाग है और इस से लोग काफी उम्मीदें रखते हैं।

वर्तमान स्थिति में जो आप का दूरभाष और संचार विभाग है, इन की सेवाओं में काफी सुधार करने की आवश्यकता है। इस सारी प्रणाली में जो माड्रनाइजेशन चाहिए, आधुनिकीकरण चाहिए, उस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

एक बात मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारा उज्जैन का जो टेलीफोन एक्सचेन्ज है, उस की क्षमता पूरी हो चुकी है और उस के फरदर एक्सपेंशन के लिए मैं

[श्री सत्यनारायण जटिया]

विभाग की स्वीकृति की मांग करता हूं क्योंकि टेलीफोनों की जो प्रतीक्षा सूची है, उस में काफी लोगों के नाम हैं । उन लोगों को लाभान्वित करने की दृष्टि से आप को टेलीफोन सेवाओं का विस्तार करना होगा । इसलिए उसके फरदर एक्सपेंशन और सुधार करने की योजना विभाग द्वारा स्वीकृत की जानी चाहिए ।

**18 hrs.**

उज्जैन एस० टी० डी० द्वारा देश के प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है लेकिन देश के प्रमुख शहर उज्जैन से नहीं जुड़े हुए हैं । इसलिए देश के प्रमुख शहर भी उज्जैन से जोड़े जाएं । उज्जैन देश का एक प्रमुख शहर है । इस से उज्जैन के साथ भी देश के प्रमुख शहरों का सम्बन्ध स्थापित हो सकेगा ।

रतलाम और नीमच के बड़े टेलीफोन एक्सचेंज हैं लेकिन वे मेनुअल एक्सचेंज हैं । उनको आटोमेटिक एक्सचेंजों में बदलने को स्वीकृति दी जानी चाहिए । बताया गया है कि उसके लिए जो पुर्जे और यंत्र चाहिएं वे उपलब्ध नहीं हैं । उनको जल्दी से जल्दी उपलब्ध करा कर इन एक्सचेंजों को स्वचालित और आधुनिक बनाया जाए । इस से इन नगरों में टेलीफोन की व्यवस्था में सुधार हो सकेगा ।

नागदा टेलीफोन एक्सचेंज भी बेहतर तरीके से काम नहीं कर रहा है । शायद उसमें कर्मचारियों की कमी है । इन कर्मचारियों की कमी को दूर किया जाए ताकि नागदा एक्सचेंज ठीक तरीके से काम कर सके ।

खाचरोद, आलोट, महिदपुर में भी टेलीफोन व्यवस्था ठीक नहीं है । उनके एक्सचेंजों को भी आधुनिक रूप में परिवर्तन किया जाए ताकि वहां दूरभाष की व्यवस्था ठीक हो सके । बड़नगर तथा तराना की दूरभाष सेवा में सुधार किया जाये । आगर और शाजापुर में एक दूसरे से बात करने के लिए इन्दौर के वाया बात करनी पड़ती है । शाजापुर जिला केन्द्र है इसलिए इन दोनों का आपस में सम्बन्ध जोड़ा जाना चाहिए ।

जावरा एस० डी० ओ० हेड क्वार्टर है । उस से आलोट को मिला दिया जाना चाहिए । आप ताल-आलोट को मिलाने के लिए व्यवस्था करें ।

इसी तरह से महिदपुर और उज्जैन को भी सीधे जोड़ने की व्यवस्था करें । बड़नगर तहसील के भाटपचलाना में पी० सी० ओ० खोला जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं. यह भी कहना चाहूंगा कि उज्जैन में सिंहस्थ पर्व के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में विशेष डाक टिकट जारी करने का निर्णय लिया जाय । इस के लिए वहां की बहुत सारी संस्थाओं ने आग्रह किया है और मध्य प्रदेश सरकार ने भी अनुशंसा की है । यह एक संस्कृतिक महापर्व है जहां पर लाखों लोगों का एकत्रि-करण देश की एकात्मा के साकार स्वरूप का साक्षात्कार लेता है । इसलिए मेरा अनुरोध है कि सिंहस्थ पर्व के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट जारी किया जाए ।

इसी प्रकार से देश की आजादी के के लिए शहीद हुए अमर शहीदों—श्री भगत सिंह, श्री चन्द्रशेखर आजाद, श्री राम प्रसाद बिस्मिल, की याद में भी विशेष डाक टिकट जारी किया जाना चाहिए । इन नामों से हमारे देश के युवाओं को उत्सर्ग की स्फूर्ति मिलती है और उनमें चेतना आती है । उनकी स्मृति को बरकरार रखने के लिए उन नामों से विशेष डाक टिकट आप जारी करेंगे, ऐसी मुझे आशा है ।

जो देश के दूरदराज के गांव हैं उनमें डाक व्यवस्था का कोई उपयुक्त माध्यम नहीं है । वहां डाक व्यवस्था ठीक करने के लिए चलित डाक घरों की व्यवस्था की जानी चाहिए । ये चलित डाकघर हमारे दूरदराज के गांवों में डाक सेवाएं पहुंचा सकें इस से वहां के लोगों का फायदा होगा ।

यह जो डाक विभाग है यह एक महत्वपूर्ण विभाग है। किन्तु इसकी सेवाएं जितनी अच्छी होनी चाहिएं उतनी अच्छी नहीं है। यह विभाग अधिक अच्छी डाक सेवाएं दे सके और आप अधिक डाकघरों की स्थापना कर सकें इसके लिए आपको प्रयास करना चाहिए।

आपका जो तार का महकमा है, उसके बारे में ऐसा लगता है कि वह बिल्कुल काम नहीं कर रहा है। आप इस विभाग की सेवा में अधिक से अधिक सुधार करें जिससे कि तार जल्दी से जल्दी लोगों को मिल सकें और उसमें कोई लापरवाही नहीं कर सके।

इतना कहते हुए मैं यह भी आग्रह करना चाहता हूं कि जो आपने डाक की दरें बढ़ायी हैं उनको वापस लिया जाए।

इतना कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Minister will reply tomorrow.

---

## PAPERS LAID ON THE TABLE—*Contd.*

### Notification under Cenrtal Excise Rules

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHANA POOJARY): Sir, I beg to lay on the Table a copy each of Notification Nos. 130/82-CE and 131/82-CE (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated the 20th April, 1982 together with an explantory memorandum regarding modification in the scheme of excise duty exemption in respect of cotton fabrics processed without the aid of power or steam issued under the Central Excise Rules, 1944. [Placed in Library. *See* No. LT-8958/82.]

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to re-assemble at 11 A.M. tomorrow.

**18.04 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned ttll Eleven of the Clock on Wednesday April* 21, 1982/*Vaisakha* 1, 1904 (*Saka*)

GMGIPND--M--664 L.S.